Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 14 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 32 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

शिक्षा समृद्धि में आभूषण है, विपत्ति में शरण तथा बुढ़ापे में सहारा है।

-अरस्तु

Nora Fatehi Thanks Fan For Spreading...

SHARE

सेंसेक्स	:	76,138.97
निफ्टी	:	23,031.40

SARAFA

सोना	:	8,155
चांदी	:	107.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

हमास ने की बंधकों को रिहा करने की घोषणा

NEW DELHI : गुरुवार को हमास ने कहा कि वह योजना के अनुसार इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। चरमपंथी संगठन की इस घोषणा को उस मुद्दे को हल करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है, जिसकी वजह से गाजा में संघर्ष विराम पर खतरा मंडरा रहा है। हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने पुष्टि की है कि वे सभी बाधाओं को दूर करने के लिए काम करेंगे, और संघर्ष विराम समझौता लागू होगा। बयान में संकेत दिया गया है कि शनिवार को तीन और इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा। हमास की घोषणा के बाद इजराइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास ने और इजरायली बंधकों की रिहाई में देरी करने की धमकी दी थी, और इजराइल पर तंबुओं व शिविरों में रहने की अनुमति देने के दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

महंत सत्येंद्र दास को सरयू तट पर दी गई जल समाधि

AYODHYA : गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दिवंगत मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास को जल समाधि दी गई। आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को पालकी में रखकर उनके निवास स्थान से सरयू नदी के तट पर ले जाया गया, जहां तुलसीदास घाट पर उन्हें जल समाधि दी गई। इससे पहले दोपहर बाद सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराया गया। उनके उत्तराधिकारी प्रदीप दास ने बताया था कि रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार दास को जल समाधि दी जाएगी। उन्होंने कहा था कि उनके पार्थिव शरीर को हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि ले जाया जाएगा। प्रदीप दास ने बताया था कि जल समाधि के तहत शव को नदी के बीच में प्रवाहित करने से पहले उसके साथ भारी पत्थर बांधे जाते हैं। रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार, जल समाधि देने से पहले रामलला के मुख्य पुजारी के पार्थिव शरीर को जुलूस के रूप में घुमाया गया, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें।

केंद्र ने दलाई लामा को दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

NEW DELHI : केंद्र ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को संभावित सुरक्षा खतरों के मद्देनजर जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को 89 वर्षीय आध्यात्मिक नेता की सुरक्षा का जिम्मा संभालने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि देश के सभी हिस्सों में दलाई लामा को सीआरपीएफ कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। दलाई लामा को हिमाचल प्रदेश पुलिस सुरक्षा मुहैया करा रही थी और जब वह दिल्ली या किसी अन्य स्थान पर जाते थे तो स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान की जाती थी।

वीरता को सलाम कर शहीद कैप्टन को दी गई अंतिम विदाई

तिरंगे में लपेटकर पैतृक गांव लाया गया पार्थिव शरीर, अंतिम यात्रा में जुटे हजारों लोग

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में हुए थे शहीद, भीड़ ने बरसाए फूल, डीसी-एसपी ने दी श्रद्धांजलि

PHOTON NEWS HGB : जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। वीरता और बलिदान को सलाम कर उन्हें नाम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। खिरगांव मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। इसके पहले शहीद पंजाब रेजिमेंट के वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक घर हजारीबाग पहुंचा। पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर सेना ने पूरे सम्मान के साथ सलामी दी। इस दौरान डीसी नैन्सी सहाय एवं एसपी अरविंद कुमार सिंह भी उपस्थित थे। नैन्सी सहाय ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी वीरता और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। पूरे देश को ऐसे वीर जवानों पर गर्व है।

कैप्टन करमजीत सिंह अमर रहें के लगे नारे

शहीद के पार्थिव शरीर को सेना के वाहन में रख कर शहर से होते हुए खिरगांव मुक्तिधाम लाया गया है। इस दौरान जनप्रतिनिधि के साथ-साथ भारी संख्या में हजारीबाग की आम जनता भी मौजूद रही। शहीद की अंतिम यात्रा जिधर से गुजरी भारत माता की जय और कैप्टन करमजीत सिंह अमर रहे के नारे लगे। लोगों ने फूलों की बारिश की। मुक्तिधाम पहुंचने पर शहीद कैप्टन के पार्थिव शरीर पर लिपटे तिरंगे को जब सेना के अधिकारी ने उनकी मां को सौंपा तो उन्होंने जो बोले सो निहाल.. सत श्री अकाल के नारे लगाए।

पांच अप्रैल को होना था विवाह

आईईडी धमाके में कैप्टन के अलावा दो जवान भी घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और नायक मुकेश ने दम तोड़ दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कैप्टन करमजीत की शादी तय हो चुकी थी। 5 अप्रैल को वे विवाह बंधन में बंधने वाले थे। लड़की भी आर्मी में डॉक्टर है। कैप्टन करमजीत सिंह की पढ़ाई गुवाहाटी में हुई थी। वे 2023 में सेना में भर्ती हुए थे। परिजनों ने बताया कि कैप्टन करमजीत 16 जनवरी को एक हफ्ते की छुट्टी पर घर आए थे।

शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी

बजट सत्र : समिति के अध्यक्ष ने साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन में रखा

विपक्ष के हंगामे के बीच वक्फ संबंधी जेपीसी की रिपोर्ट पेश

विपक्षी सदस्यों ने असहमति को रिपोर्ट के साथ संलग्न नहीं करने का लगाया आरोप

NEW DELHI @ PTI : गुरुवार को विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामा के बीच वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा। साथ ही, उन्होंने समिति के समक्ष आए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन में रखा। इससे पहले समिति की रिपोर्ट राज्यसभा के पटल पर भी रखी गई। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि उनकी असहमति को रिपोर्ट के साथ संलग्न नहीं किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि वह विपक्ष की आपत्तियों को जोड़ सकते हैं और इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कोई आपत्ति नहीं है। इस पर बिरला ने कहा कि कुछ सदस्यों ने उनसे मुलाकात की थी और उनके साथ जिन विषयों पर बात हुई है उन्हें रिपोर्ट के साथ संलग्न कर लिया गया है। विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताते हुए सदन से वाकआउट कर दिया और कुछ देर बाद सदन में लौटे। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद भारत माता की जय के नारे लगाए।

30 जनवरी को स्पीकर को सौंपी गई थी रिपोर्ट

समिति की रिपोर्ट गत 30 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई थी। समिति की 655 पृष्ठ वाली इस रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार किया गया था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव समाहित हैं। विपक्षी सदस्यों ने इसे असंवैधानिक करार दिया था और आरोप लगाया था कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया था कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया। विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करेगा।

भाजपा के सदस्यों के संशोधन को किया गया था स्वीकार

समिति ने भाजपा सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था। समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के सभी 44 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा था और दावा किया था कि समिति की ओर से प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद आठ अगस्त, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था।

सरकार ने राज्यसभा में पेश किया शुद्धिपत्र

समिति की रिपोर्ट में असहमति की अभिव्यक्ति से जुड़े हिस्सों को कथित रूप से हटाए जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने गुरुवार को दोपहर में एक शुद्धिपत्र पेश किया। कुलकर्णी ने रिपोर्ट के परिशिष्ट पांच का शुद्धिपत्र राज्यसभा में भोजनावकाश के बाद पेश किया। उन्होंने सुबह सदन में रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट के परिशिष्ट का अध्याय पांच संयुक्त समिति के सदस्यों से प्राप्त टिप्पणियों असहमतियों के कार्यवृत्त से संबंधित है और इसमें वे टिप्पणी शामिल हैं जिन्हें पहले की पेश की गई रिपोर्ट में संपादित किया गया था।

कृषि मंत्री के काफिले की 3 गाड़ियां अचानक आपस में टकराईं, पांच जख्मी

PHOTON NEWS GUMLA : गुरुवार को गुमला के बसिया प्रखंड में एक बड़ा हादसा हो गया। मंत्री के काफिले में चल रहीं 3 गाड़ियां अचानक आपस में टकरा गईं। दुर्घटना में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) समेत 5 लोग जख्मी हो गए है। जानकारी के अनुसार, झारखंड सरकार की कृषि सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बसिया दौरे पर जा रहीं थीं। जोलो जाने के दौरान मंत्री के काफिले में चल रहीं 3 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में बसिया की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुप्रिया भगत समेत कुल 5 लोग घायल हो गए। बीडीओ और अन्य कर्मियों को हल्की चोटें आई हैं। बसिया की बीडीओ की टाटा सुमो कार में चल रहीं थीं। उनकी कार के आगे एक स्विफ्ट डिजायर कार चल रही थी। स्विफ्ट डिजायर कार क्षतिग्रस्त हो गई है। मंत्री का काफिला जोलो गांव की ओर जा रहा था। काफिले में गाड़ियों की लंबी कतार थी। इसी दौरान तुकई गांव स्थित स्कूल के समीप आगे जा रही एक कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। स्विफ्ट डिजायर के चालक को भी अचानक ब्रेक लगाना पड़ा। इसी दौरान तेज रफ्तार में चल रही बसिया बीडीओ की कार ने सामने वाली कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षत्तिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में बीडीओ सुप्रिया भगत, बीडीओ के वाहन चालक जगपाल कुमार, जेएसएलपीएस के बनमाली साहू, रामजड़ी निवासी जितेंद्र कुमार भगत और ज्योति लकड़ा को चोटें आईं हैं। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए वाहनों का काफिला रुक गया। सभी लोग गाड़ी में सवार लोगों का हाल-चाल लेने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा है कि 3 गाड़ियों में जबरदस्त टक्कर हुई है। ईश्वर की कृपा से गाड़ियों में सवार लोगों को सिर्फ चोटें आयीं हैं। काफिले में शामिल सभी गाड़ियों की रफ्तार तेज थी। यही वजह है कि ब्रेक लगाने के बावजूद कारों ने एक-दूसरे को टक्कर मार दी। हालांकि, मंत्री की गाड़ी आगे थी, इसलिए उनकी कार को कोई नुकसान नहीं हुआ।

- गुमला के बसिया प्रखंड में हुई दुर्घटना, गाड़ियों की थी लंबी कतार, तेज थी रफ्तार
- एक गाड़ी के चालक के अचानक ब्रेक लगा देने के कारण हुआ हादसा
- घायलों में बसिया की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत भी शामिल

सोनाहातू थाना क्षेत्र के डिबाडीह गांव में शॉर्ट सर्किट से हुआ दर्दनाक हादसा

घर में लगी आग, पति-पत्नी की जलकर मौत

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार की देर रात को सोनाहातू थाना क्षेत्र के डिबाडीह गांव में एक घर में अचानक लगी भीषण आग ने पति-पत्नी की जान ले ली। गांव में बाइक मिस्त्री का काम करने वाले 46 वर्षीय रंजीत साहू और उनकी पत्नी 42 वर्षीय मीना देवी की आग में जलने की वजह से मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर सोनाहातू पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है घर में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि बाइक मिस्त्री का काम करने वाले रंजीत साहू और उनकी पत्नी मीना देवी की घर में आग लगने की वजह से जलने से मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सोनाहातू पुलिस के अनुसार, रंजीत साहू बाइक मिस्त्री के साथ खुदरा में लाकर पेट्रोल और डीजल भी बेचा करता था। रात में जब शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी तो घर में मौजूद पेट्रोल और डीजल की वजह से आग ने भयावह रूप ले लिया और दोनों पति-पत्नी को संभलने का भी मौका नहीं मिला।

मौजूद पेट्रोल और डीजल की वजह से आग ने लिया भयावह रूप

- दंपती को संभलने और भागने का नहीं मिला मौका
- दोनों डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच में जुटी पुलिस

बेटा चलाता है पंक्चर दुकान

हादसे के समय घर में केवल पति-पत्नी ही मौजूद थे, इसलिए हादसे में दोनों ही की मौत हुई है। गांव वालों ने बताया कि मृत रंजीत साहू का बेटा पंक्चर दुकान चलाता है। रात के समय उसी दुकान में था, इसलिए उसकी जान बच गई। वहीं माता-पिता दोनों की जलने से दर्दनाक मौत हो गई।

सीएम के इस्तीफे के चार दिन बाद मणिपुर में लगाया गया राष्ट्रपति शासन

IMPHAL : मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद गुरुवार को को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती। अधिसूचना में कहा गया है, अब, संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, मैं घोषणा करती हूं कि मैं भारत के राष्ट्रपति के रूप में मणिपुर राज्य सरकार के सभी कार्यों और इस राज्य के राज्यपाल द्वारा निहित या प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों को अपने अधीन करती हूं। अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राहुल गांधी ने कहा था कि हिंसा, जान-माल के नुकसान के बावजूद पीएम मोदी ने एन बीरेन सिंह को पद पर बनाए रखा। लेकिन, अब लोगों की तरफ से बढ़ते दबाव, सुप्रीम कोर्ट की जांच और कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव की वजह से एन बीरेन सिंह इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि इस वक्त सबसे जरूरी बात यह है कि राज्य में शांति बहाल की जाए और मणिपुर के लोगों के घावों को भरने का काम किया जाए। पीएम मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे हालात सामान्य करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं।

विधानसभा को भी कर दिया गया है निलंबित

भविष्य की चिंता वायुमंडल में छा जाएगा धूल का भयंकर गुबार

उल्कापिंड टकराने से पृथ्वी पर 15% कम हो सकती है बारिश

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : एस्टेरॉयड का मतलब उल्कापिंड या क्षुद्रग्रह होता है। सौरमंडल के विशेषज्ञ बताते हैं कि एस्टेरॉयड को किसी ग्रह या तारे का टूटा हुआ टुकड़ा माना जाता है। ये पत्थर या धातु के टूकड़े होते हैं। एक छोटे पत्थर से लेकर एक मील बड़ी चट्टान तक और कभी-कभी ये एवरेस्ट के बराबर तक भी हो सकते हैं। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर हाई स्पीड के साथ चलते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे कहा जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हमारे सौरमंडल में करीब 20 लाख एस्ट्रेरॉयड घूम रहे हैं। नासा के पास पृथ्वी के आसपास 140 मीटर या उससे बड़े करीब 90 प्रतिशत एस्टेरॉयड को ट्रैक करने की क्षमता है। हमारे सौरमंडल में ऐसे लाखों छोटे-बड़े पिंड हैं,जो सूर्य की परिक्रमा करते हुए कई बार पृथ्वी के निकट आ जाते हैं। निकट से गुजर जाते हैं या उसके वायुमंडल में आकर जलकर टूकड़े-टूकड़े होकर धरती पर गिर जाते हैं। इसके कारण पृथ्वी पर भयावह स्थिति पैदा हो जाती है।

500 मीटर के एस्टेरॉयड टकराने पर जलवायु और जीवन में बड़ा बदलाव संभव

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान का करना पड़ेगा सामना

- सूर्य और पृथ्वी के बीच मौजूद ओजोन परत में 32% तक गिरावट की आशंका
- बुसान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में आईसीसीपी के शोधकर्ताओं ने किया है विशेष अध्ययन



सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के निकट आ जाते हैं उल्कापिंड, हमारे सौरमंडल में लगातार घूम रहे करीब 20 लाख एस्टेरॉयड

- साइंस एडवांस जर्नल में लंबे समय तक की गई स्टडी की है विस्तृत जानकारी
- 10 से 40 करोड़ टन तक धूल छा जाने से वायुमंडलीय रसायन प्रक्रिया में होगी गड़बड़ी

क्लाइमेट सिस्टम में बड़ा परिवर्तन

मध्यम आकार यानी लगभग 500 मीटर के एस्टेरॉयड के टकराने के कारण पृथ्वी पर जलवायु और जीवन में बदलाव आ सकता है। ऐसी स्थिति में ऊपरी वायुमंडल में कई सौ लाख टन धूल के बड़े गुबार छा जाएंगे। 10 से 40 करोड़ टन तक की धूल छा जाने के बाद तीन से चार सालों में जलवायु, वायुमंडलीय रसायन विज्ञान और वैश्विक प्रकाश संश्लेषण में भारी गड़बड़ी हो सकती है।

कल बीआईटी के समारोह में होंगी शामिल

आज शाम रांची पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

PHOTON NEWS RANCHI : 14 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु झारखंड की राजधानी रांची पहुंच रही हैं। वह बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में 15 फरवरी को शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के लिए रांची पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जाएंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। उनकी सुरक्षा में 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जायेगा। सुरक्षा में 10 आइपीएस अधिकारी की भी तैनाती होगी। सुरक्षा को लेकर डीआइजी-सह-एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी, एएसपी सीसीआर सहित 10 आइपीएस, 20 से अधिक डीएसपी और बड़ी संख्या में जिला बल, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर भी लगाए जाएंगे।

- एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जाएंगी राष्ट्रपति, तीन लेयर में चाक-चौबंद की गई है सुरक्षा व्यवस्था

BRIEF NEWS

209 बच्चों को मिल रहे प्रतिमाह 4000 रुपये

LATEHAR : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन-पोषण देखरेख अनुमोदन समिति (एसएफसीएसी) की बैठक हुई। इसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत समिति द्वारा लातेहार जिला अंतर्गत एकल माता के बच्चों, अनाथ बच्चों, एचआईवी पीड़ित के बच्चों, दिव्यांगजनो के बच्चों आदि को 4000 रुपये प्रतिमाह का आर्थिक सहयोग 3 वर्षों तक अथवा बच्चों के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक दिया जा रहा है। वर्तमान में उक्त योजना से 209 बच्चे लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बैठक में समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए 37 आवेदन आए और सभी को अनुमोदित कर दिया गया। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

अनुकंपा पर दो को मिला नियुक्ति पत्र

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुकंपा के आधार पर शांति कुमारी और देवाशीष आर्या को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उपायुक्त ने दोनों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी व लगन से करें। अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्य का पालन करें और अच्छे व्यक्तित्व के कर्मी होने का परिचय दें। 13 जून 2007 को उग्रवादी हिंसा में मृत यमुना साव की पुत्री शांति कुमारी को समाहरणालय अधीन चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं जिला अभिलेखागार में अनुसेवक के पद पर कार्यरत उगन साव की आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र देवाशीष आर्या को समाहरणालय अधीन निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया है।

अफीम के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

KHUNTI : जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को कर्रा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। जिला प्रशासन खूंटी का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।

अफीम के पौधे सहित 5 किए गए गिरफ्तार

KHUNTI : एसपी के निर्देश पर पुलिस ने खूंटी थाना अंतर्गत ग्राम-पोसैया, चामडीह, कुरकुटीया व लटरजंग के जंगल एवं झाड़ियों में छिपा कर रखे गए अफीम के पौधों के साथ 5 लोग गिरफ्तार किए गए। सत्यापन के क्रम में तीनों गांव में झाड़ियों से घेरे गए खेत में अफीम के पौधों की सिंचाई करते हुए पांचों व्यक्ति पकड़े गए। जाड़े मुंडा, राम मुंडा, फागुवा मुंडा, जोशी कच्छप और सुशील होरो को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया।

13 दिनों में मिले 27 कुष्ठ रोगी, 200 की हुई जांच

DHANBAD : 30 जनवरी को धनबाद में शुरू हुए कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत मरीज खोज अभियान में अब तक 27 की पहचान हुई है। 14 दिनों में 27 नए मरीज मिले हैं, जबकि 200 संदिग्ध है, जिनकी जांच चल रही है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो इनमें भी 15 से 20 कन्फर्म मरीज मिलेंगे। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मंजू दास ने बताया कि 14 फरवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा।

कोडरमा में ऑनर किलिंग का मामला आया सामने

पिता व भाई ने कर दी युवती की हत्या, तीन हुए गिरफ्तार

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसपी अनुदीप सिंह ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KODERMA : कोडरमा जिले में ऑनर किलिंग का मामला सामबे आया है। मामले में युवती की हत्या के बाद उसके पिता और दो भाई को गिरफ्तार किया गया है। मरकच्चो थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत मरकच्चो अंतर्गत भगवतीडीह स्थित जमुनिया गढ़ा के समीप बालू में दबे एक सिर कटी लाश की बरामदगी मामले का कोडरमा पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी मृतका के पिता व भाई ही हैं। बताया जाता है कि युवती दूसरी जाति के युवक के साथ प्यार करती थी, जिससे नाराज परिजनों ने युवती की हत्या कर दी और शव छिपाने का प्रयास किया। इस बाबत कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने गुरुवार शाम को प्रेसवार्ता में बताया कि मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ब्रह्ममटोली में एक नाबालिग युवती के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी। युवती के परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन पर मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया गया। खोजबीन के क्रम में पंचखेरो नदी के जमुनिया घाट किनारे बालू में एक शव गड़ा हुआ मिला, जिसकी जांच पडताल पुलिस द्वारा की जाने लगी। पुलिस द्वारा शव की पहचान हेतु परिजनों को पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट किनारे बुलाया गया, पर परिजनों ने शव को पहचानने से इंकार कर दिया। पुलिस द्वारा मृतका के घर पर सेप्टिक टैक का नया निर्माण कार्य पाए जाने के कारण शक होने पर युवती के परिजनों से विभिन्न बिंदु पर सवाल किया गया।

पहले सेप्टिक टैंक में डाल दिया था शव

मृतक की फाइल फोटो

एसपी ने बताया कि बार-बार विभिन्न बिंदु पर पूछताछ करने पर परिजन अपनी ही बात में उलझते गए। परिजनों ने युवती की हत्या कर शव को छिपाने एवं शव को धड़ से अलग करने की बात स्वीकार कर ली। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या कर शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लाई गई साइकिल, बोरी एवं टांगी को बरामद किया तथा हत्या कर शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लाए गए सेप्टिक टैक की पहचान की गई, जहां से मृतका के सिर के बाल को जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मृतका का भाई ज्योतिष कुमार पांडेय ने बताया कि मृतका किसी लड़के से बात करती थी। फलस्वरूप अभियुक्त ज्योतिष कुमार पांडेय ने कई बार मृतका को फटकार लगाई और बात करने से मना किया था। घटना के दिन 2 फरवरी को पुनः बात करते हुए ज्योतिष कुमार पांडेय ने देख लिया, जिसके बाद गुस्से में आकर दोपहर करीब 12.30 बजे अकेला पाकर गला दबाते हुए जान से मार दिया और शव को छिपाने के लिए सेप्टिक टैंक में गाड़ दिया। पुलिस की लगातर सक्रियता के कारण शव को सेप्टिक टैक से उखाड़कर पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट के किनारे ले जाकर मृतका के पिता मदन पांडेय ने सिर को शरीर से अलग कर गाड़ दिया। इस बाबत मृतका के पिता मदन पांडेय, उम्र 73 वर्ष, पिता स्व. शिवनंदन पांडेय, ब्रह्मटोली, मृतका के बड़ा भाई नितीश पांडेय (उम्र 36 वर्ष, पिता मदन पांडेय), भाई ज्योतिष कुमार पांडेय (उम्र 20 वर्ष, पिता मदन पांडेय) को गिरफ्तार किया गया।

ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक हो गया गंभीर रूप से घायल

LOHARDAGA : जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार ग्राम स्तिथ नहर के समीप नाले में ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि दूसरा युवक ट्रैक्टर सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय ग्रामीणों के पहल से एम्बुलेंस 108 के माध्यम से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार,एस आई मनीष कुमार और ए एस आई दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और आगे की कार्रवाई में जुट गये। मृतक की पहचान बगडू थाना क्षेत्र के महुगांव निवासी असंभर लोहरा का पुत्र नकुल लोहरा तथा घायल का पहचान गणेश लोहरा का पुत्र सुमन लोहरा के रूप में किया गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक चारहु ग्राम स्थित राजा ईंट भट्ठा से ट्रैक्टर में ईंट लाद कर तोड़ार आया था। ईंट खाली कर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में तोड़ार ग्राम स्थित फुलझर नहर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो नाला में पलट गया। थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने बताया कि खाली ट्रैक्टर अनियंत्रित हो नाले में पलट गया । इससे एक की मौत हो गयी और एक व्यक्ति घायल हो गया।

कैदी भागने के मामले में कई मिले दोषी बंदी वार्ड किया जाएगा शिफ्ट : एसपी

जांच करने पहुंचीं एसपी रीष्मा रमेशन ● फोटोन न्यूज

AGENCY PALAMU : मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से हत्याकांड के कैदी ऋषिकेश कुमार दुबे के फरार हो जाने की घटना के छह दिन बाद पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरूवार को एमआरएमसीएच के कैदी वार्ड का निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन के बाद कहा कि एमआरएमसीएच में पुरानी भवनों को तोड़ा जा रहा है। ऐसे में कैदी वार्ड को शिफ्ट किया जायेगा। इसके लिए जेल अधीक्षक का भी पत्र मिला है। उन्होंने वार्ड से फरार हुए हत्याकांड के आरोपित ऋषिकेश कुमार दुबे के मामले में कहा कि कैदी के भागने के मामले में डीएसपी ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। इसमें कई लोगों की संलिप्तता सामने आई है। दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत 8 फरवरी शुक्रवार सुबह 7 बजे एमआरएमसीएच के कैदी वार्ड से हत्याकांड के आरोपित ऋषिकेश कुमार दुबे फरार हो गया था। उसके भागने से पहले कैदी वार्ड में फोन पर बातचीत करते सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। वीडियो को देखने से पूरी तरह स्पष्ट होता है कि कैदी को वार्ड से योजना के तहत भगाया गया। वार्ड के पुलिस जवान दिनेश राम के दावे भी संदिग्ध लगते हैं। पुलिस कैदी के साथ नजर आए दो युवकों का कॉल डिटेल एवं लोकेशन लेकर उन्हें ढूंढने की कोशिश कर रही है। कैदी ऋषिकेश कुमार दुबे दिसंबर 2023 से हत्या के आरोप में जेल में बंद था। खांसी और सांस लेने में तकलीफ होने पर 30 जनवरी को उसे एमआरएमसीएच लाया गया था एवं इलाज किया जा रहा था। कैदी को भगाने के मामले में उसके साले की संलिप्तता सामने आयी है।

वेलेंटाइन वीक में प्रेमिका के साथ पकड़ा गया पति, थाने पहुंची पत्नी

RAMGARH : वेलेंटाइन वीक पर एक महिला ने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ उसके घर में ही पकड़ लिया। इसके बाद यह पूरा मामला थाने पहुंचा। पति और उसकी प्रेमिका दोनों पुलिस की हिरासत में पहुंच गए। यह पूरी घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पीछे एक घर में घटी है। पुलिस की हिरासत में मौजूद प्रेमी भीम सिंह कुशवाहा और उसकी प्रेमिका कांति देवी एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खा रहे थे। इसी दौरान भीम की पत्नी संध्या कुमारी वहां पहुंची और उन दोनों को रंगे हाथों पकड़ा। उसने भीम और कांति को कमरे के बाहर बंद कर दिया और पूरे मोहल्ले को वहां जुटाया। संध्या कुमारी ने पुलिस को बताया कि उसके पति भीम सिंह कुशवाहा पर पिछले पांच महीना से शक हो रहा था। वेलेंटाइन वीक के दौरान उसने अपने पति का पीछा किया। गुरुवार को जब उसका पति भीम अपनी प्रेमिका कांति देवी से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा, तो उसने उसे वहां देख लिया। इसके बाद उसने कांति देवी की सास पियासी देवी और अन्य लोगों को खबर की।

महिला से 12 लाख ठगने वाला युवक भेजा गया जेल

AGENCY PALAMU : पुलिस ने 24 वर्ष की तलाकशुदा महिला से शारीरिक संबंध बनाकर उसकी 12 लाख की संपत्ति ठग लेने के मामले में कांदू मोहल्ला के धीरज चंद्रवंशी (28) को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। महिला दिल्ली में रहकर काम करती है और उसका मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में भी घर है। महिला का आरोप है कि धीरज के घर आना जाना होता था। नजदीकियां बढ़ने के कारण एक दिन धीरज उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ यौन संबंध बनाया और उसकी अश्लील तस्वीर खींच ली। फोटो दिखाकर बदनाम करने एवं बेइज्जत करने की धमकी दी। अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार यौन संबंध बनाया करता था। इसी बीच इसकी जानकारी उसके पति को हुई तो उसके पति ने उसे तलाक दे दिया। युवक के परिजनों ने साजिश एवं षड्यंत्र रचकर उसकी शादी धीरज से कर दी। सारे सामान भी रख लिए। उसके बैंक खाते में तीन लाख रूपए थे। धीरज ने धीरे-धीरे सारे पैसे ले लिए। उसकी मां सुनीता देवी ने समूह से चार लाख रुपए कर्ज ली थी, उसे भी दूसरे से कर्ज लेकर चुकता किया। गहना बेचकर धीरज ने बैटरी वाला टेंपो 55 हजार देकर फाइनेंस कराया और सारी कमाई रख लेता था।

छात्रों की शिकायत पर की थी अनियमितता की जांच : मंत्री

राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपते मंत्री

PALAMU : रांची में गर्वनर संतोष गंगवार से मिलने के बाद मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरूवार को पलामू में कहा कि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में भवन निर्माण में बरती गयी अनियमितता की जांच कई छात्र संगठनों की शिकायत पर की गयी थी। उन्होंने कहा कि लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत से नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय का भवन निर्माण किया गया है। लेकिन निर्माण में अनियमितता बरती गई है। छात्रों की शिकायत पर वे 11 फरवरी को विश्वविद्यालय के निर्मित भवन को देखने गये थे। उन्होंने पाया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक तथा एकेडमिक भवन में लगाये गए खिड़की-दरवाजे की गुणवत्ता संभवतः तय मानकों के अनुरूप नहीं है। एकेडमिक भवन की खिड़कियों में ग्रिल नहीं लगायी गयी है। परिणाम स्वरूप सुरक्षा खतरों से इनकार नहीं किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के निरीक्षण के क्रम में कुलसचिव शैलेश कुमार मिश्रा उपस्थित थे।
उन्होंने मंत्री को बताया कि निर्मित भवनों में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा प्रशासनिक और एकेडमिक भवन को हस्तगत कर लिया गया।

संस्थागत प्रसव के लिए करें जागरूक : डीसी

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को समय पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने व संस्थागत प्रसव सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं को संचालित करने का निर्देश दिया। वह टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति से अवगत हुईं व कार्यक्रम की बेहतरी के लिए निर्देश दिए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक, नर्स, एएनएम आदि कर्मियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करें।
अगर वह अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का काम करते हैं, उन्हें चिह्नित कर उन पर कार्रवाई करें।

लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के उपायुक्त ने दिए निर्देश

पदाधिकारियों को संबोधित करतीं डीसी नैन्सी सहाय ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण, बिजली विभाग जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इसी क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने हॉस्पिटल, स्कूल, आंगनबाड़ी के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीएमएफटी के तहत क्रियान्वित योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की भी समीक्षा की। वहीं, सभी पदाधिकारियों को पूर्व की योजनाओं और छोटी योजनाओं को भी प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का टेंडर हो गया है, उसे शीघ्र शुरू करें।
उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ कार्यरत कांट्रेक्टर्स के साथ बैठक कर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कीजिए। जिनका प्रोग्रेस कम है, उसकी रिपोर्ट कीजिए।
उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण हैं, उन पर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है, तो उसकी सूचना दें।

भवन निर्माण विभाग मेदिनीनगर में ठेकेदारों ने कार्यपालक अभियंता पर लगाए गंभीर आरोप

टेंडर रद्द होने पर संवेदकों ने खूब किया हंगामा

विभागीय कार्यालय में तैनात पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

AGENCY PALAMU : भवन निर्माण विभाग मेदिनीनगर में टेंडर को लेकर एक बार फिर हंगामा किया गया। टेंडर रद्द होने पर कई संवेदक आक्रोशित नजर आए। संवेदकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैनेज नहीं होने के कारण टेंडर को कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम ने रद्द कर दिया। संवेदकों ने कार्यपालक अभियंता पर कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को ही ठेका देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्कृति बर्दाश्त से बाहर है। गुरूवार को टेंडर डालने पहुंचे ठेकेदार रजनीश सिंह, अजीत तिवारी, मृत्युंजय, विजय कुमार सिंह, पिंटू शुक्ला, प्रभात ट्रेडर्स के संवेदक सहित कई ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैनेज नहीं होने के कारण इस टेंडर को बार-बार टाला जा रहा है। पहले 28 जनवरी को टेंडर निकाला गया था। फिर समय बढ़ाकर आठ फरवरी किया गया। 13 फरवरी को टेंडर डालने की तिथि निर्धारित की गयी थी। जब टेंडर पेपर तैयार कर टेंडर डालने पहुंचे तो पेपर डालने वाला बक्सा ही गायब पाया गयाा। इसे लेकर कार्यपालक अभियंता के साथ ठेकेदारों की कहा सुनी भी हुई। कुछ देर के बाद टेंडर को रद्द करने का नोटिस कार्यालय के बोर्ड पर चिपका दिया गया।
रद्द किया गया टेंडर स्कूल की चहारदीवारी निर्माण, थाना में कमरा बनाने, पेवर ब्लॉक बिछाने, हॉस्टल में पेयजल की व्यवस्था, हॉस्पिटल में निर्माण कार्य से सम्बंधित था। ठेकेदारों के आरोप पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि संवेदक टेंडर डालने में नियम का पालन नहीं कर रहे थे। वे आपस में टेंडर मैनेज करना चाहते थे। ऑफिस में आकर मिलजुलकर पेपर तैयार कर रहे थे, जबकि पेपर तैयार कर बंद लिफाफा में टेंडर पेपर कार्यालय लाना होता है।

जेबकतरे की शक्ल से मिलते जुलते शख्स को पुलिस ने पकड़ा

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ शहर के बैंक ऑफ इंडिया में दिव्यांग ग्राहक जीवन लाल की जेब काटने वाले शक्ल से मिलता जुलता शख्स पुलिस की हिरासत में पहुंच गया है। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिस व्यक्ति को पकड़ा गया है उसकी सूरत सीसीटीवी कैमरे में कैद व्यक्ति से मिलती-जुलती है। गुरुवार को वह शख्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मौजूद था, जहां उसकी शिनाख्त हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए शख्स का नाम शिवशंकरण है और वह मूल रूप से दक्षिण भारत का रहने वाला है। झारखंड में वह रांची जिले के खलारी में डंपर ऑपरेटर के रूप में काम करता है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह रामगढ़ में लोन से संबंधित काम को लेकर आया था। लेकिन इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हुई है। वह रामगढ़ किस काम से आया था इसका पता पुलिस लग रही है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में खूंटी को मिला तीन करोड़ का पुरस्कार

KHUNTI : स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। खूंटी जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन रहा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। खूंटी जिले ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार जिला प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है। पुरस्कार राशि का उपयोग जन कल्याणकारी योजनाओं को गति देने और क्षेत्र में जीवन स्तर को बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि नीति आयोग की ओर से निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने और विकास में पारदर्शिता बनाए रखने का प्रमाण है।

कुष्ठ उन्मूलन के लिए पहुंची राज्य समन्वयक की टीम

बैठक करते टीम के सदस्य ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को डेमियन फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. पी. कृष्णा मूर्ति व सचिव डॉ. एम. शिव कुमार तथा गौतम कुमार एवं राज्य समन्वयक की टीम ने गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले का दौरा किया। सबसे पहले सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार माझी व जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. भारती मिंज ने टीम को अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। टीम सदर प्रखंड चाईबासा के कुल 5 कुष्ठ मरीजों की जांच की। भ्रमण के दौरान कामदेव बेसरा, मुकेश मुंडारी, बीएमडब्ल्यू शीतल मिंज के अलावे डेमियन फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट के जर्मनी से आए पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

राज्यपाल से वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने की मुलाकात

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के निम्न स्तर का होने, निर्माण स्थल पर पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने तथा दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। कई कमियों के बावजूद उक्त भवन, विश्वविद्यालय की ओर से स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण जांच के लिए राज्यपाल से आग्रह किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित की है। यह समिति 17 एवं 18 फरवरी को प्रश्नगत योजना का सम्पूर्ण निरीक्षण करेगी तथा प्राक्कलन एवं निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

गवर्नर से छात्र संघ के अध्यक्ष ने की भेंट

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव ने राज भवन में भेंट। इस दौरान उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों में कुरमाली, कुड़ुख, मुंडारी, हो तथा संथाली भाषा की पढ़ाई के लिए पहल करने का आग्रह किया।वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रिंस आजवानी ने राज भवन में राज्यपाल से भेंट की और गोवंश की रक्षा के लिए पहल करने का आग्रह किया।

निहारिका को साइंस ओलंपियाड में पहला पुरस्कार

RANCHI : सीएफ एंड्रयूस मेमोरियल इंग्लिश स्कूल थड़पखना की स्टूडेंट निहारिका पाल ने साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता के इंग्लिश विषय में जोनल स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। उन्हें गोल्ड मेडल के साथ डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट दिया गया है। स्कूल असेंबली के दौरान सचिव दीप्तिमान बोस और प्रिंसिपल अनिमा बोस ने उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही शिक्षिका मोनालिसा सिन्हा को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

RANCHI : गुरुवार को पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर रोड नंबर 4 में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मजदूर निमार्णाधीन बिल्डिंग के ऊपर काम कर रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

इम्तियाज को बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार

RANCHI : सेना के कब्जे वाली जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े में बीते साल 20 अगस्त से जेल में बंद इम्तियाज अहमद की मुश्किलें बढ़ गई है। रांची सिविल कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया है। इम्तियाज पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर जाली आधार कार्ड और बिजली बिल बनाकर सेना की जमीन बेचने का आरोप है। बता दें कि इस मामले को लेकर बरियातू थाना में 4 जून 2022 को मुख्य आरोपी प्रदीप बागची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड को लेकर सीएस अलका तिवारी ने की मीटिंग

धीमी गति से चल रही योजनाओं के कार्य में लाएं तेजी : मुख्य सचिव

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को मुख्य सचिव (सीएस) अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पावर कमेटी की बैठक की। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गई।

योजनाओं के समय पर पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का मिलेगा फायदा

स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे पर भी किया गया गहन मंथन

सड़क निर्माण विभाग की 34 में से 22 योजनाएं हो चुकीं पूरी

साथ ही बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ का ऋण प्रक्रियाधीन है। इस दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हाई पावर कमेटी की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्धीकी, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के अधिकारी उपस्थित थे।

योजनाओं के लिए ऋण स्वीकृत

समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है। ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति बढ़िया पायी गई।

नेशनल हर्निया सोसाइटी की कॉन्फ्रेंस में जुटे कई एक्सपर्ट डॉक्टरों ने देखी लाइव सर्जरी



PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को इंडियन हर्निया सोसाइटी और आर्किड हॉस्पिटल रांची की ओर से 16वें नेशनल हर्निया कांफ्रेंस की शुरूआत हुई। इसमें देश-विदेश के एक्सपर्ट डॉक्टर शामिल हुए। इस सम्मेलन में हर्निया से ग्रसित मरीजों की सर्जरी भी की गई। डॉक्टरों ने हर्निया के 25 मरीजों की निशुल्क सर्जरी की। यह सर्जरी आर्किड में हुई, जिसका सीधा प्रसारण होटल रेडिसन ब्लू में किया गया। देश-विदेश से आए डॉक्टरों ने सर्जरी देखी। इसके बाद सर्जरी से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा भी की। इसके अलावा सर्जरी की नई तकनीकों से भी अवगत कराया।

एम्स समेत कई हॉस्पिटल के डाक्टर हुए शामिल : सम्मेलन में देश-विदेश से आए कई प्रतिष्ठित सर्जंस ने भाग लिया। इनमें एम्स दिल्ली के डॉ प्रो बीके बंसल, डॉ डीपी सिंह, डॉ असूरी कृष्णा, डॉ मुमताज अंसारी और डॉ हेमांग भट्टाचार्जी शामिल थे। इससे पहले सम्मेलन का उद्घाटन बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आर्किड के डायरेक्टर सिद्धांत जैन, इंडियन हर्निया सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ बीके बंसल और अन्य विशेषज्ञ मौजूद थे।

एकलव्य प्रशिक्षण और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना पर बीजेपी ने उठाए सवाल

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने एकलव्य प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोत्साहन योजना पर हेमंत सरकार से जवाब मांगा। भाजपा ने आरोप लगाया कि इन योजनाओं के लिए स्वीकृत 350 करोड़ का बजट अब तक जारी नहीं किया गया है। इन योजनाओं का उद्देश्य झारखंड के 35,000 छात्रों को मुफ्त कोचिंग और आर्थिक सहायता प्रदान करना था।अजय साह ने कहा कि अक्टूबर 2023 में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दो अहम टेंडरों एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना का अब तक कोई प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हुआ है। इन योजनाओं के तहत छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, जेपीएससी, मेडिकल, इंजीनियरिंग, बैंक पीओ और एसएससी जैसी परीक्षाओं के लिए कोचिंग मुहैया कराने की योजना थी। इसके साथ ही छात्रों को हर महीने 2500 की आर्थिक सहायता भी देने का प्रावधान था। अजय साह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन योजनाओं के लिए बजट मंजूरी के डेढ़ साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या छात्रों के लिए निर्धारित फंड किसी अन्य योजना में ट्रांसफर कर दिया गया है।

झारखंड लोक सेवा आयोग का पिंडदान कर अभ्यर्थियों ने जताया विरोध

RANCHI : गुरुवार को जेपीएससी छात्र सत्यनारायण शुक्ला ने झारखंड लोक सेवा आयोग के मुख्य गेट के सामने पिंड दान किया और ब्राह्मण भोज कार्यक्रम आयोजित कर विरोध जताया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष पद पिछले सात महीनों से रिक्त है, जिसके कारण जेपीएससी परीक्षा के 11वीं और 13वीं मुख्य परीक्षा के परिणाम, फुट सेफ्टी परीक्षा का परिणाम, सीडीपीओ मेंस परीक्षा का परिणाम, असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफिसर और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर परीक्षा का परिणाम अब तक प्रकाशित नहीं हो पाया है। इसके कारण हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में है और उनका समय नष्ट हो रहा है। माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और कोचिंग फीस का बोझ बढ़ता जा रहा है। राज्य सरकार आदिवासी-मूलवासी का बेटा होने की बात कर रही है, लेकिन झारखंड के निवासियों को नौकरी नहीं मिल रही है।जेपीएससी छात्र शशांक राज ने कहा कि राज्य की सबसे बड़ी संस्था जेपीएससी है। लेकिन, यहां अध्यक्ष पद पिछले सात महीनों से खाली पड़ा है।

सोशल मीडिया फेसबुक पर पोस्ट कर सरकार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने घेरा

6 महीने से बिना अध्यक्ष के पंगु बना दिया गया है जेपीएससी : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया फेसबुक पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि पिछले छह महीनों से झारखंड लोक सेवा आयोग अध्यक्ष के बिना कार्य कर रहा है। इससे राज्य के हजारों मेधावी छात्रों का भविष्य अंधेरे में है। जिन छात्रों ने अपने सपनों को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम किया था, उनके लिए अब परीक्षा परिणाम, चयन प्रक्रिया और सरकार के अगले कदम का कोई पता नहीं है। पूरी प्रक्रिया ठप पड़ी है और छात्रों के सामने सिर्फ असमंजस, इंतजार और अनिश्चितता है।

कहा- राज्य के हजारों मेधावी छात्रों का भविष्य अंधेरे में लटका

मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

संगठनों और छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि वे इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करें और युवाओं के भविष्य को पटरी पर लाने के लिए तुरंत जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति करें। उनका मानना है कि मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से ही यह मामला सुलझ सकता है और लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। छात्रों और उनके परिवारों के लिए यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। बेरोजगार युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है और राज्य सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

रुक गया है कामकाज

जेपीएससी के अध्यक्ष के बिना आयोग का कामकाज रुका हुआ है और इससे राज्य के युवाओं के भविष्य पर गहरा संकट आ गया है। पिछले कुछ महीनों से परीक्षा परिणामों का इंतजार करने वाले उम्मीदवारों को न तो परिणामों के बारे में कोई जानकारी मिल रही है, न ही आगे की प्रक्रिया के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी। इसके चलते युवा बेरोजगारों के मन में निराशा और आक्रोश की लहर है। राज्य सरकार की बेरुखी ने लाखों युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया है। जिस समय युवाओं को उनके सपनों को पूरा करने का मौका मिलना चाहिए था, उस समय राज्य सरकार की लापरवाही ने उन्हें असमंजस में डाल दिया है। जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति न होने से आयोग की कार्यशैली प्रभावित हुई है और इससे परीक्षा परिणामों के विलंब के साथ-साथ आगामी चयन प्रक्रिया भी ठप पड़ी है।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण व आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने की बैठक

आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर अनुसंधान पदाधिकारियों का निबंधन अनिवार्य

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को झारखंड के अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर अनुसंधान पदाधिकारियों का निबंधन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के विषय पर चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण ए विजयालक्ष्मी भी इस बैठक में उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान यह बताया गया कि पिछले एक सप्ताह में लगभग 3769 अनुसंधानकर्ताओं ने आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन कराया है। सुमन गुप्ता ने सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर अगले एक माह में सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित किया जाए।

इन मुद्दों पर की गई चर्चा

- सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता।
- कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम।
- उभरती तकनीकों का परिचय।
- साइबर स्पेस में सुरक्षित रहना।
- मिशन लाइफ पर ओरिएंटेशन मॉड्यूल।
- कार्यस्थल पर योग अभ्यास।

कई लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता

RANCHI : गुरुवार को झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में रांची महानगर अंतर्गत डोरंडा बाजार के पास शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो के जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल कुमार मेहता, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व पार्षद नसीम गद्दी, अफरोज आलम, कलाम आजाद, साहिल हबीब, आदिल इमाम, पुष्पा बरदेवा, सोहेल खान, रमजान रजा, माइकल रुंडा, समेत अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नसीम गद्दी और साहिल हबीब का अहम योगदान रहा।

शहीद कैप्टन को श्रद्धांजलि देने नहीं पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री, कांग्रेस ने बोला हमला

शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए बीजेपी के नेताओं के पास समय नहीं : राकेश सिन्हा

PHOTON NEWS RANCHI : जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी का पार्थिव शरीर जब रांची लाया गया, तो इस अवसर पर शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए रांची से सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने कोई प्रतिनिधि को भी नहीं भेजा। इस पर प्रदेश कांग्रेस ने तीखा हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इसे शहीद का अपमान बताया और कहा कि बीजेपी नेताओं को राष्ट्रवाद का दावा करने का शौक है। लेकिन जब शहीद को सम्मान देने की बात आई, तो वे अनुपस्थित रहे। राकेश सिन्हा ने कहा कि रक्षा राज्य मंत्री को श्रद्धांजलि देने का समय नहीं मिला, यह छद्म राष्ट्रवाद का उदाहरण है। बीजेपी के नेता केवल सोशल मीडिया पर राष्ट्रवाद की बातें करते हैं, लेकिन शहीदों को श्रद्धांजलि देने का समय नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सैनिकों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर हमेशा लापरवाही दिखाई है। पुलवामा जैसी घटनाएं उनके शासनकाल में हुईं, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है। भाजपा के राष्ट्रवाद के दावों की अब पोल खुल चुकी है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार अपने औद्योगिक मित्रों को लाभ पहुंचाते हुए सैनिकों की जरूरतों को नजरअंदाज कर रही है।

परीक्षार्थियों और हवाई यात्रियों के लिए भी विशेष निर्देश जारी

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची का बदला ट्रैफिक सिस्टम

PHOTON NEWS RANCHI : भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को झारखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए राजधानी रांची कैप्टन फिक्स सिस्टम में बदलाव किया गया है। इस संबंध में रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने आदेश जारी किया है। मैट्रिक परीक्षार्थियों और हवाई यात्रियों के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। रांची के ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार 14 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों का प्रवेश भी वर्जित किया गया है। 15 तारीख को मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रथम पाली के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय सुबह 9:30 बजे तक तय किया गया है। वहीं, दूसरी पाली के लिए परीक्षार्थियों को दोपहर 12:00 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

आज सुबह 8 से रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित

दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक छोटे मालवाहक वाहनों का भी नहीं होगा प्रवेश

इन मार्गों को किया गया है बंद

14 फरवरी को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कांके, रातू, दलादली, काठीटांड़ और काठीटांड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर के मुख्य मार्ग लालपुर रोड और कांटाटोली होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रांची वासियों को एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, बाइपास रोड, न्यू मार्केट चौक, हॉट लिप्स चौक और राजभवन मोड़ तक सड़कों का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी गई है। कांके रोड, रातू रोड, काठीटांड़ से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक और कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।



रिंग रोड होते हुए जाएंगे वाहन

15 फरवरी को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक शहर में सभी प्रकार के बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके साथ ही 15 फरवरी को पलामू, गढ़वा, लातेहार और गुमला से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। इसके अलावा जमशेदपुर से आने वाले सभी बड़े वाहन, जिन्हें पलामू की ओर जाना है, वे रामपुर रिंग रोड से बाएं मुड़कर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। 15 फरवरी को हजारीबाग से आने वाले बड़े वाहन, जिन्हें पलामू गुमला की ओर जाना है, वे नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं मुड़कर रामपुर चौक होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

एयरपोर्ट के लिए खास निर्देश

रांची एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने वाले सभी यात्रियों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार, जिन्हें 14 फरवरी को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचना है और जिनका समय शाम 4 से 5:30 बजे के बीच है, वे कोशिश करें कि वे दोपहर 3:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाएं। जिन्हें 15 फरवरी को हवाई यात्रा करनी है और जिनका समय दोपहर 11:00 से 1:30 बजे के बीच है, उन्हें सुबह 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

रांची में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री

RANCHI : रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को मौसम के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। तापमान में पिछले तीन चार दिनों से बढोतरी हो रही थी। लेकिन गुरुवार को उत्तर, उत्तरी -पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि फिलहाल तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के कारण आनेवाले दो तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढोतरी होगी। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को रांची में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसीप्रकार जमशेदपुर में 33.3 और 15.5, डालटेनगंज में 33.5 और 13.5, बोकारो में 32.5 और 12.1, चाईबासा में 34.4 और 13.2 तथा देवघर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मर्कजुल मदारिस जामिया शहीद शेख भिखारी कॉन्फ्रेंस व दस्तारबंदी का किया गया आयोजन

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को मर्कजुल मदारिस जामिया शहीद शेख भिखारी में कॉन्फ्रेंस व दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। इसमें भारत के प्रसिद्ध उलेमा, मुफ्ती और नातखा के साथ रांची और आस पास के उलेमा, नातखा शामिल हुए। मुख्यातिथि नजीमे आला खलीफाए हुजूर ताजुश्शरिया ओवैसे मिल्लत हजरत अल्लामा मुफ्ती डॉ.मुहम्मद यूनुस रजा मोनिस ओवैसी की अध्यक्षता व जियारत हुई। संचालन मुफ्ती अब्दुल कूददुस ओवैसी साहब ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मदरसे के शिक्षक कारी अब्दुल कादिर के तिलावत कुरान पाक के साथ हुआ। मदरसा के छात्रों ने बेहतरीन नात और मनकबत पढ़कर सबका दिल जीत लिया। इस मदरसा के उप नाजिमे आला और हाफिज कारी शमशीर रजा ने प्यारी आवाज में नात पेश किया। साथ ही रांची शहर और आस पास से आए हुए उलेमा ए कराम का बयान हुआ। मदरसे के ग्यारह बच्चे जो पूरे कुरान को याद कर के हाफिज बने हैं उन्हें पीरे तारिकत, रेहबरे शरीयत, खलीफाए हुजूर ताजुश्शरिया हजरत अल्लामा मुहम्मद युनस ओवैसी साहब एवं सैयद शब्बीर अहमद फिरदौसी, मौलाना दरगाह गया बिहार के पवित्र हाथों से सर पर पगड़ी बांध कर दस्तार किया गया।

समाचार सार

विधायक ने सोनुवा में सुनी ग्रामीणों की समस्या

SONUA : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विधायक जगत माझी ने प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार लगाया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक से मुलाकात कर अपनी-अपनी समस्या सुनाई। जनता दरबार में पेयजल से संबंधित समस्या अधिक आई।

आनंदमार्गियों ने मनाया नीलकंठ दिवस

JAMSHEDPUR : आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा स्थित आनंद मार्ग जागृति आश्रम में गुरुवार को नीलकंठ दिवस मनाया गया इस अवसर पर 3 घंटे का बाबा नाम केवलम... अखंड कीर्तन हुआ। आज ही के दिन 1973 को आनंद मार्ग के संस्थापक गुरु श्रीश्री आनंदमूर्ति को बिहार के पटना स्थित बांकीपुर सेंट्रल जेल में इंदिरा गांधी की सरकार ने चिकित्सा के नाम पर दवा के रूप में जहर दिया था। इसी स्मृति में आनंदमार्गी पूरे विश्व में नीलकंठ दिवस मनाते हैं।

पार्किंग वसूलने वालों को ड्रेस कोड देने की मांग

JAMSHEDPUR : बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान के मुख्य संयोजक सदन कुमार ठाकुर ने शहर में पार्किंग वसूलने वालों को ड्रेस कोड व आई कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की है। ठाकुर ने उपायुक्त से कहा कि ऐसा नहीं होने से असामाजिक तत्व भी जहां-तहां पार्किंग वसूलते हैं। कई बार ये मारपीट तक करते हैं।

करणी सेना का हुआ विस्तार

JAMSHEDPUR : गोविंदपुर में राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में क्षत्रिय करणी सेना परिवार की बैठक हुई, जिसमें करणी सेना का विस्तार किया गया। इस दौरान चंद्रशेखर सिंह को कोल्हान उपाध्यक्ष, राधेश्याम सिंह, कमलेश सिंह, एसएन सिंह बघेल, यशवंत सिंह व मनोज सिंह को जिला संरक्षक, संजय सिंह को जिला सचिव, मधु सिंह को गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष, मनोकामना सिंह, रवींद्र सिंह व अरुण समदर्शी को गोविंदपुर मंडल संरक्षक, अजय सिंह को कार्यकारी मंडल अध्यक्ष, उदय सिंह को गोविंदपुर मंडल महामंत्री व मनोज सिंह को टेल्को मंडल अध्यक्ष बनाया गया।

सरायकेला में नष्ट की गई 14.4 एकड़ में लगी अफीम

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में गुरुवार को करीब 14.4 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इसमें चौका थाना क्षेत्र के ग्राम मुटुदा में करीब 9 एकड़, ईचागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चिमटिया में करीब 1.5 एकड़ और कुचाई थाना क्षेत्र के ग्राम दामादीरी में करीब 3.90 एक-ड़ में कार्रवाई की गई। सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत इस फसली वर्ष 2024-2025 में अब तक सभी थाना क्षेत्र में मिलाकर लगभग 583 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया है।



ठाकुर अनुकूलचंद्र की आराधना कल से

JAMSHEDPUR : सिदगोड़ा स्थित अमल संघ में 15-16 फरवरी को ठाकुर अनुकूलचंद्र का 137वां आगमन दिवस मनाया जाएगा। दोनों दिन भव्य समारोह होगा, जिसमें जमशेदपुर सहित आसपास से भी काफी लोग शामिल होंगे। महोत्सव समिति के महासचिव चंदन मन्ना ने बताया कि अनुष्ठान सुबह से देर रात तक चलेगा।

नए-पुराने रेडियो देख रोमांचित हुए बच्चे

JAMSHEDPUR : विश्व रेडियो दिवस पर गुरुवार को उलियान, कदमा के निर्मल महतो रोड पर रेडियो प्रदर्शनी लगाई गई। गाइड इंटरनेशनल रेडियो लिसेनर्स क्लब के संस्थापक चिन्मय महतो ने बताया कि इस दौरान सुबह से दोपहर बाद तक बच्चों-लोगों की भीड़ लगी रही, जो नए-पुराने सैकड़ों रेडियो, ट्रांजिस्टर, रिकॉर्ड प्लेयर आदि देख कर रोमांचित हुए। उन्हें रेडियो के इतिहास की जानकारी भी दी गई।

सेविका-सहायिका के 17 पदों पर अनुमोदन

JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मित्तल ने गुरुवार को विभिन्न विभागों की ऑनलाइन समीक्षा की। इसमें जिला कार्यालय को सेविका के 5 और सहायिका के 28 पदों पर नियुक्ति के प्रस्ताव मिले थे। इनमें सेविका के 3 और सहायिका के 14 पदों पर अनुमोदन किया गया। उपविकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा कि एमटीसी में बेड रिक्त होते ही वेटिंग के बच्चों का उपचार शुरू करें।

विद्युत विभाग ने लक्ष्य से ज्यादा कर लिया राजस्व संग्रह, निबंधन पिछड़ा

परिवहन विभाग 90 प्रतिशत तक पहुंचा, जबकि खनन विभाग आधी दूरी ही तय कर पाया

PHOTON NEWS JSR: उपायुक्त अनन्य मितल के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक हुई। अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि राजस्व संग्रहण में वाणिज्यकर विभाग के सभी सर्कल में वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 55 प्रतिशत की उपलब्धि है, जबकि विद्युत विभाग के तीनों प्रमंडल में 100 प्रतिशत से ज्यादा राजस्व संग्रह हुआ है।

परिवहन विभाग ने लक्ष्य का 90 प्रतिशत, उत्पाद विभाग 73 प्रतिशत, निबंधन विभाग 69 प्रतिशत, नगर निकायों में औसतन 75 प्रतिशत का राजस्व संग्रह किया है। वहीं, खनन विभाग 51 फीसद ही राजस्व संग्रह कर पाया है। खनन विभाग के पदाधिकारी को बालू, पत्थर इत्यादि की अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रह की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उत्पाद विभाग, परिवहन, मोटरयान निरीक्षक, नीलाम पत्र, मत्स्य, नगर परिषद, खनन, निबंधक विभाग सहित अन्य सभी की समीक्षा की गई।

समाहरणालय में बैठक को संबोधित करते अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद

सरकारी जमीन पर प्रस्तावित 8 मोबाइल टावर का आवेदन रद्द

JAMSHEDPUR : समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला दूरसंचार समिति की बैठक हुई। उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में हुई बैठक में समन्वयक पदाधिकारी द्वारा कुल 24 मामले प्रस्तुत किए गए। समिति ने सर्वसम्मति से एक अनापत्ति को स्वीकृत किया गया तथा बिहार- झारखंड सरकार की भूमि पर बिना पूर्व अनुमति के मोबाइल टावर अधिष्ठापन का आवेदन किए जाने के कारण कुल 8 आवेदन को रद्द करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पांच मामलों में संबंधित अंचल अधिकारी से जांच रिपोर्ट मांगने का निर्णय लिया गया। शेष 10 आवेदनों में त्रुटि पाए जाने के कारण संबंधित सेवा प्रदायी कंपनी को त्रुटि निराकरण के लिए आवेदन वापस किया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, सिविल सर्जन, बीएसएनएल एवं अन्य सेवा प्रदायी दूरसंचार कंपनियों, विभिन्न अंचल कार्यालय तथा नगर निगम के प्रतिनिधि उपस्थित थे'

समाहरणालय सभागार में बैठक करते डीडीसी अनिकेत सचान

पुरानी जींस के लिए पानी की टंकी पर चढ़ गया युवक

- नशे में धुत था युवक दी जान देने की धमकी

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में चाईबासा के गांधी टोला में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब फिल्म शोले के दृश्य को दोहराते हुए एक 17 वर्षीय सूरज खंडायत पानी की टंकी पर चढ़ गया। इस बीच युवक ने काफी हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसकी मांग बस यही थी कि उसे पुरानी जींस दी जाए, नहीं तो वो कूद जाएगा, फांद जाएगा... वाली डायलॉग दोहरा रहा था। इस घटना को लेकर अग्निशमन विभाग की दमकल और सदर थाना की पुलिस तुरंत उस पानी टंकी के पास पहुंची। सभी उस युवक से उतरने का आग्रह करने लगे। पुलिस के पसीने छूट गए, लेकिन वह कहां मानने वाला था। इसी बीच उसके गांधी टोला से माता और पिता भी उसे उतारने की गुहार लगाते रहे, पर वह दोपहर करीब 12.30 बजे उतर गया। इस दृश्य को देखने के लिए शहरवासियों का जमघट लग गया। यह ड्रामा गुरुवार सुबह 8.30 बजे तब शुरू हुआ, जब से युवक पानी टंकी पर चढ़ा। बताया जाता है कि युवक नशे में था, इसलिए पुलिस भी काफी सतर्कता बरत रही थी।

टंकी की रेलिंग पर बैठा युवक

तीसरी कक्षा का लापता छात्र बंगाल में मिला

GHATSILA : घाटशिला थाना क्षेत्र के ऊपर पावड़ा राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से 21 जनवरी को लापता छात्र बंगाल से मिला। तीसरी कक्षा का छात्र सुशील मुर्मू प. बंगाल के हावड़ा के निकट सीडब्ल्यूसी सेंटर में रहने की सूचना पर गुरुवार को पुलिस की टीम तथा परिवार के सदस्य उसे घाटशिला वापस लाने गई है। उसे देर शाम तक पुलिस लेकर आई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि भटकते हुए सुशील मुर्मू बंगाल पहुंच गया था, जहां चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के हाथ लग गया। बता दें कि वह 21 जनवरी को स्कूल से निकला था। उसके सकुशल मिलने की सूचना पर परिजनों और स्कूल प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

जमशेदपुर में धूमधाम से मनाई गई शब-ए-बरात, कब्रिस्तान व मस्जिदें रोशन

PHOTON NEWS JSR : शब-ए-बरात का पर्व गुरुवार को जमशेदपुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर भर के लोग अपनों को याद कर रहे हैं और इबादत में व्यस्त हैं। गुरुवार की रात, मगरिब की नमाज के बाद लोग कब्रिस्तानों में गए और यहां अपने पूर्वजों की कब्रों पर फातेहा पढ़ा। कब्रिस्तानों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया था, जिनमें धतकीडीह, जाकिर नगर, मानगो जवाहर नगर, सोनारी और जुगसलाई के कब्रिस्तान प्रमुख थे। लोग यहां मोमबत्तियां और अगरबत्तियां जला रहे थे।

कब्रिस्तानों में उलेमा द्वारा सामूहिक दुआ कराई गई, जिसमें देश और दुनिया में अमन-चैन की दुआ की गई। लोग रात लगभग नौ बजे तक कब्रिस्तान में मौजूद रहे, उसके बाद वे मस्जिदों की ओर रवाना हुए। मस्जिदों में रातभर इबादत हुई और शब-ए-बरात की खास नमाज पढ़ी गई। इस दिन की विशेष नमाज और कुरआन की तिलावत पर जोर दिया गया है। इस रात को जाग कर इबादत करने का बड़ा सवाब बताया जाता है। शिया समुदाय द्वारा शब-ए-बरात की खास मनाई जाने वाली परंपरा शिया समुदाय के लोग इस दिन कब्रिस्तान में फातेहाखानी के साथ-साथ मस्जिदों में भी विशेष इबादत करते हैं। शिया समुदाय 15 शाबान को इमाम महदी अलैहिस्सलाम के जन्मदिन के रूप में मनाता है, जो सुबह सादिक के समय हुआ था। इस दिन को बहुत श्रद्धा के साथ मनाते हुए, शिया समुदाय के लोग अपने इमाम के जन्मदिन को खास तरीके से सेलिब्रेट करते हैं।

घाटशिला में रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाती मस्जिद

प. सिंहभूम में 400 एकड़ भूमि को किया गया अफीम मुक्त : उपायुक्त

डीसी-एसपी ने बुलाई मानकी-मुंडा की जिलास्तरीय मासिक बैठक

PHOTON NEWS CHAIBASA : कोल्हन विश्वविद्यालय के सभागार में गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम मानकी - मुंडा की जिलास्तरीय मासिक बैठक हुई, जिसमें उपायुक्त कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर भी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हम सबके अथक प्रयास से जिले में लगभग 400 एकड़ भूमि को अफीम मुक्त किया गया है। मादक पदार्थ के पैदावार से भूमि बंजर होती है। इसके सेवन से कई प्रकार की बीमारी होती है, जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि अपने आसपास के लोगों को अफीम की खेती से बचने की सलाह दें, अगर कोई उसमें संलग्न है, तो उसे समझाकर मुख्यधारा की कृषि में जोड़ने का कार्य करें। इस प्रकार की नशीली खेती में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान है। उन्होंने मानकी-मुंडा से अनुरोध किया कि गांव-गांव में जागरूकता फैलाएं, रात्रि-चौपाल लगाएं और नशीले पदार्थ की खेती से विमुक्त हुए कृषकों को चिह्नित करें। जो भी कृषक नशीले पदार्थ की खेती छोड़ मुख्यधारा की कृषि में जुड़ना चाहते हैं, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा आधुनिक खेती में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने मानकी-मुंडा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को साथ मिलकर नशे के विरुद्ध जारी जंग को लड़ना है। जिले को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करना है।

जागरूकता पोस्टर लांच करते डीसी व एसपी ● फोटोन न्यूज

मागे पर्व की सामूहिक नृत्य से हुई शुरुआत

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के सुरखुड़ा पंचायत के दोरगासाई गांव में गुरुवार को मागे पर्व मनाया गया, जिसकी शुरूआत सामूहिक नृत्य से हुई। इसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने भी मांदर बजाया। दिऊरी ने पूजा-अर्चना की। गागराई ने बताया कि कोल्हान में यह 7 दिन, तो पोड़ाहाट में 3 दिनों तक मनाया जाता है। पहले दिन घर की लिपाई-पुताई होती है। दूसरे दिन दिऊरी (मुख्य पुजारी) उपवास रखकर अपने सहायकों के साथ जायरा या जाहेर स्थान (पूजा स्थान) में मागे पूजा करते हैं। तीसरे दिन बड़ा पूजा होता है, जिसे जातरा बोंगा कहते हैं। पूजा के बाद देवता को गांव लाते हैं। फिर रात पर नाच-गान होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। इस अवसर पर मुकुन बानरा, रासाय सामड, कुंवरसिंह बोदरा, सीयू सामड, संतोष बोदरा, लक्ष्मण सामड व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

कई पदाधिकारियों को किया गया शोकॉज

घाटशिला अनुमंडल में बैठक के दौरान उपस्थित पंचायत समिति सदस्य

GHATSILA : प्रखंड़ कार्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख सुशीला टुडू ने की। इस बैठक में कई विभाग के पदाधिकारी या प्रतिनिधि के अनुपस्थित रहने पर प्रमुख ने शोकॉज नोटिस जारी किया। प्रमुख ने उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से पिछली बैठक में लिए गए प्रस्ताव पर चर्चा की एवं पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं की समीक्षा की। . इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि समिति की मासिक बैठक में जो भी प्रस्ताव लिया गया है, उस पर जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए। बैठक में उपप्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, पंचायत समिति सदस्य विजय पांडेय, छाया रानी साव सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

डीआरयूसीसी की बैठक में छाया रहा ट्रेन की लेटलतीफी का मुद्दा

बैठक में शामिल डीआरएम व अन्य ● फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम सभागार में गुरुवार को रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी (डीआरयूसीसी) की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रेल मंडल के डीआरएम तरूण हुरिया ने की। सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी ने बताया कि सकारात्मक माहौल में हुई बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी मांग और समस्या रखी। डीआरएम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से चक्रधरपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों में रेलवे द्वारा दी जा रही रेल सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में ट्रेन की लेटलतीफी का मुद्दा छाया रहा। सदस्यों ने कहा कि अधिकांश ट्रेनें जब चक्रधरपुर रेल मंडल में प्रवेश करती हैं तो ट्रेनों की गति बहुत धीमी होती है और ट्रेनें बीच में कहीं भी खड़ी हो जाती हैं। डीआरएम ने सभी सदस्यों को सुनने के बाद उनकी मांग और समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर सकारात्मक कदम उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही मंडल में ट्रेनें समय पर चलेंगी, रेल लाइन में किए जा रहे विकास कार्यों के कारण ट्रेनें लेट से चल रही है।

पूर्व मंत्री ने कहा- बंदगांव प्रखंड में मिशन मोड में किया जाएगा समस्याओं का समाधान

शिक्षित होकर ही बिरसायत की परंपरा को बचाना संभव : बंधु तिर्की

PHOTON NEWS BANDGAON : झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की गुरुवार को चक्रधरपुर अनुमंडल स्थित बंदगांव प्रखंड के लुंबई गांव पहुंचे। लुंबई पहुंचने पर बिरसायत समुदाय के लोगों ने पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया। पूर्व मंत्री ने जनता दरबार लगाकर आम जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि लुंबई गांव की सड़क, चापाकल का नवनिर्माण व वनोत्पाद के न्यूनतम समर्थन मूल्य व अबुवा आवास, पेंशन योजना जैसी समस्याओं से अवगत कराया।

बंधु तिर्की ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बंदगांव मेरे लिए पुराना नहीं है, यह गांव मेरी बहन का ससुराल है। आज यहां आने का मकसद आपलोगों से मिलना और यहां की समस्याओं को मिशन मोड में समाधान करने का है। उन्होंने कहा कि पहले यहां के लोग ढेंकी से कूट कर चावल निकालते थे और किसी के हाथ में मोबाइल नहीं था। लेकिन अब समय बदल चुका है और जमाने के मुताबिक अब राज्य को बचाने के लिए हमें भी ध्यान और बुद्धि से लड़ने का समय आ गया है। गांव-घर के सभी बच्चों को शिक्षा देना है, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी धरती आबा बिरसा मुंडा के सोच और सपनों को पूरा कर सकती है। शिक्षित होकर ही हम बिरसायत की परंपरा को समझ पाएंगे और निडर होकर अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़ पाएंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह अबुवा राज-अबुवा सरकार है लेकिन हमें भी अपना आंख, कान और नाक खुला रखना होगा। इस सरकार की गारंटी है कि सभी जरूरतमंद लोगों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

बिरसायत आदिवासियों के साथ पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व अन्य ● फोटोन न्यूज

जनता दरबार में सुनी समस्या

जनता दरबार में पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए दिव्यांग बिरसी मुंडा और प्रभु मुंडु को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए कहा और दोनों दिव्यांगों को उचित इलाज कराने के लिए आर्थिक सहायता भी दी। पूर्व मंत्री ने जनता दरबार में उपस्थित सभी पुरुष-महिलाओं को धोती साड़ी वितरित किया।

ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा, चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष विजय सामड, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप महतो, जिला महासचिव सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, जिला सचिव प्रतीक कुमार, बंदगांव के युवा अध्यक्ष रवि मुंडरी, बीस सूत्री सदस्य आशीसन हपदगड़ा, नयन, ग्रामीण मुंडा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



चाइना मेड प्यार

पश्चिमी देशों का पर्व वेलेंडाइन डे जो 14 फरवरी को आता है और इसी के आसपास ही वसंत पंचमी का त्योहार भी आता है। भारत में वसंत पंचमी को प्रेम दिवस भी माना जाता है। भारत में पहले प्यार आलमआरा, संगम, हीर रांझा, सोहनी महिवाल, सिरी फरहाद हुआ करता था और अब तो नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम या ओटीटी हो गया है। एक जमाना था जब प्यार होना बहुत मुश्किल होता था। टेलीफोन की सुविधा हर किसी के पास नहीं थी। पिछले साल भाई की शादी में देखा था उसे अब इस बार दादाजी के नुक्ते में दिखाई दी, सोचा इस बार तो पत्र थमा ही दूंगा।परंतु ऐसा कम ही हो पाता था। कम से कम 2 साल में इजहार हो पाता था। कई बार एक साल बाद पता चलता था कि उसकी शादी कहीं और हो गई। हालांकि उस दौर में प्यार सचमुच ही प्यार होता था।

अब तो वाट्सएप और फेसबुक का दौर है। पहले ऐसा था कि एक पत्र या प्रेम संदेश को पहुंचाने में बहुत पापड़ बेलना पड़ते थे। कम से कम दो माह लग जाते थे। लेकिन जब से एसएमएस का दौर प्रारंभ हुआ तो प्यार ने थोड़ी स्पीड पकड़ी। फिर उसी के साथ याहू जैसी कंपनियों ने फ्री-चेट सुविधा प्रारंभ की तो और स्पीड बढ़ गई। अब तो वॉट्सऐप और फेसबुक ने तो सबकुछ बदल कर रख दिया। अब तो लिखते लिखते किसी से कब लव हो जाए और कब ब्रेकअप हो जाए कोई भरोसा नहीं क्योंकि स्पीड हाईटेक है। टेक्नॉलाजी ने लड़के और लड़कियों को तुरंत मिलाने में अहम्भूमिका निभाई है लेकिन इससे अब भावनाएं पीछे छुटती गई है। परिवार से जुड़ाव पीछे छुट गया है। लोग अब तो ऑनलाइन मंगनी, शादी और तलाक भी करने लगे हैं। आप सोचिए कि जमाना कहां जा रहा है। पहले कहते थे कि चट मंगनी और पट ब्याव। पर, अब कहते हैं- चट ब्याव और पट तलाक और झट पुन: ब्याव। आप सोचिए शादी से बड़ा आयोजन तो प्री-वेडिंग हो चला है अब तो लोग तलाक की भी पार्टी देने लगे हैं। ज्यादातर प्रेमियों का प्यार शादी के बाद रफूचक्कर हो जाता है- यदि ऐसा था तो यह समझे की वह प्यार नहीं बुखार था। जिस तरह नए गाने आते हैं कुछ समय तक उनका खुमार छाया रहता है फिर दूसरे नए गाने आ जाते हैं तो पुराने का खुमार उतर जाता है। अब तो महामारी के दौर में ऐसा होने लगा है कि एक बुखार उतरा नहीं कि 2 या 3 माह में दूसरा बुखार चढ़ जाता है। यह कौन जान पाया कि प्यार किसे कहते हैं जिसने किया वह जान पाया? यह भी कौन तय करेगा कि प्यार जिसने किया वही अच्छे से व्यक्त कर पाएगा कि प्यार क्या होता है? हो सकता है कि उसने प्यार नहीं किया हो। जिस भी लड़की या लड़के से उसके संबंध हैं उसके प्रति उसके मन में प्यार हो यह जरूरी नहीं। तब कैसे जाने बाबू कि प्यार किसे कहते हैं? फ्रेंग मार्क ने कहीं कहा था कि ''सच्चा प्रेम भूत की तरह है, चर्चा उसकी सब करते हैं, देखा किसी ने नहीं।'' हां, कुछ लोग यह भी कहते हैं कि प्यार किया नहीं जाता हो जाता है। पुराने जमाने के प्यार और आज के जमाने के प्यार में बहुत कुछ बदलाव हो गया है, बदलाव होना चाहिए लेकिन यदि बदलाव का रुख पतन की ओर हो तो जरा डर ही लगता है.। आज का प्यार चाइना मेड की तरह हो चला हैयूज एंड थ्रो.।

प्यार जीवन को पूरा करने का अहसास। या कहा जाए जिंदगी का दूसरा नाम ही तो प्यार है। और वेलेंटाइन डे इस प्यार के इजहार और अपने प्यार को खास अहसास दिलाने का दिन है। लेकिन, आखिर अपना सच्चा प्यार पाया कैसे जाए। कैसे पहचाना जाए कि यही है आपका वेलेंटाइन

कैसे तलाशें अपना सच्चा प्यार

प्यार को कहीं तलाशा नहीं जाता, वह तो आपके भीतर ही कहीं होता है। ठीक वैसे ही जैसे कस्तूरी मृग की खुशबू उसी में कहीं छुपी होती है, लेकिन वह उसकी तलाश में बावरा सा फिरता रहता है। वैसे ही प्रेम को सांसों की तरह हैं, हर क्षण आपके साथ। लेकिन कई बार इससे वाकिफ होने में अरसा लग जाता है। हमारी नजरों के सामने ही होता है वो, लेकिन हम उसे स्वीकार नहीं पाते। शंकायें, दुविधायें, सवाल और कई अन्य कारण उस वास्तविकता को कहीं ढंक देते हैं। और कई बार किसी से पहली ही मुलाकात में दिल के भीतर से यह आवाज आने लगती है कि हां यह वही है, जिसके लिए तुम इतने बेकरार थे। और जब भी यह अनुभूति होती है, तो यूं लगता है जैसे सारे बादल छंट गए। प्यार तो इनसान के डीएनए में है। आदम और हौव्वा से शुरू हुआ यह प्रेम और फिर फैलता ही चला गया। आदम ने जन्नत सिर्फ हौव्वा के लिए छोड़ी, वो उसके बिना अधूरा जो था। लेकिन, उस दौर में न आदम के पास विकल्प थे और न ही हौव्वा के पास। लेकिन, आज का दौर जरा अलग है। आज सच्चा प्यार मिलना मुश्किल है, क्योंकि आज अरबों की आबादी में आपको किसी ऐसे शख्स से मिलना जरूरी है जिससे लिए दिल धड़क उठे।

कौन है वो

सबसे जरूरी बात, सच्चा प्यार किसी एक दिन का मोहताज नहीं होता। यह तो जिदंगी भर का अहसास होता है। प्यार का कोई फॉर्म्यूला नहीं, जो लगाया और उत्तर मिल गया। हर किसी को अलग तरह से होता है इसका अहसास और जब यह अहसास होता है, तो दुनिया में सब कुछ खूबसूरत नजर आने लगता है। हर ओर होती हैं बस खुशियां ही खुशियां। यह मामला दिल का है, और यह कमबख्त दिल भला कब किसकी सुनता है। किस्मत खुद-ब-खुद उस शख्स से मिलवा देती है, और यह कह उठता है तुम ही तो हो, इतने बरसों से तलाश रहा था मैं जिसे।

लेकिन, दुविधायें फिर भी आपकी राह में रोड़े अटका सकती हैं। चलिए हम आपका रास्ता साफ करने में मदद करते हैं। हो सकता है कि आपका प्यार आपकी आंखों के सामने हो और आप उसे देख न पा रहे हों। यह भी हो सकता है कि वो दुनिया के दूसरे कोने में बैठा हो आप की तरह तन्हा और आप ही का इंतजार करते हुए। चाहे जो भी हो, कोई न कोई इस दुनिया में आपके लिए जरूर बना है।

पहली नजर का प्यार हर नजर का प्यार

प्रेम का सार यही है- 'पहली नजर का प्यार, आखिरी नजर का प्यार और हर नजर का प्यार'। जब आपका पहली नजर में ही किसी को देखते ही उसकी ओर खिंचने लगे, तो इसे एक इशारा समझें। इशारा कि आपको प्यार हो चला है। पहली नजर का प्यार ही प्यार हो यह जरूरी नहीं, लेकिन यह प्यार का आधार जरूर हो सकता है। लेकिन, आप किसी को पहली बार देखते ही उसके खयालों में खोये रहते हैं, तो जनाब आपका दिल किसी की नजरों में गिरफ्तार हो चला है, हुजूर आपको प्यार हो चला है।

सीमाओं से परे

इश्क की कोई हद नहीं होती। यह खुद तय करता है अपने नियम और कायदे। जिसके लिए आपके दिल में प्रेम होता है उसकी मदद करने के लिए आप कुछ भी करते हैं। आपको ऐसा करते हुए न कभी अजीब लगता है और न ही आपको कुछ अलग करने का अहसास ही होता है। अगर दूसरा व्यक्ति भी आपकी मदद के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार है, तो जनाब यही प्यार है। प्यार में शर्तें नहीं होतीं, प्यार में सौदा नहीं होता। यह तो होता है और होता है.प्यार मैं और तुम के बीच की दूरियां पाटते हुए हम तक ले जाने का नाम है।

सब कुछ भुला के

कहते हैं, 'इश्क न पूछे दीन धर्म और इश्क न पूछे जात'। प्रेम नियमों पर कहां चलता है। सामाजिक वृजनायें तोड़ने का नाम ही तो प्यार है। आपके दोस्तों की सलाह, पढ़ी-पढ़ाई बातें, आपके कुछ पूर्वाग्रह. सब नेपृथ्य में चले जाते हैं और रह जाता है तो बस प्रेम। आपके हृदय में तमाम बातों को झुठलाया जाता है, और आपको अहसास होता है कि यही है वो सच्चा प्यार। प्यार विकल्प नहीं तलाशता। आपको कोई इनसान पसंद है, तो बस पसंद है.अपनी खूबियों और खामियों के साथ। आप वैसे ही चाहते हैं उसे.इस बात से बेपरवाह कि वो भी आपके बारे में वैसा ही सोचे। प्यार कोई निवेश नहीं जिसमें आपको रिटर्न की उम्मीद हो। प्यार है, तो बस है। और अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं, तो मान लीजिए कि यह हर लिहाज से सच्चा प्यार है।

प्यार का दर्द है

उसकी हंसी हो या नजर.उसकी बातें हो या व्यवहार सब कुछ आपके लिए खास होता है। अगर उसे देखते ही दिल में मीठा दर्द हो उठे, तो समझ जाइए कि दिल आपसे कुछ कह रहा है। उसके देखते ही आपका दिल प्रेम से भर आता है। सारी दुनिया में सबसे प्यारा दिखता है वो। ठीक वैसे ही जैसे मां-बाप के लिए उनकी औलाद होती है। अगर किसी को देखकर आपके दिल में भी ऐसा हो, तो मान जाइए कि आप प्यार में हैं। इंतजार मत कीजिए डूब जाइए इस दरिया में।

खिंचा जाऊं मैं तेरी ओर

प्रेम महज आकर्षण नहीं यह और बात है, लेकिन आकर्षण के बिना प्रेम संभव भी नहीं। प्रेम का आधार है आकर्षण.अगर हर सूरत में आप दोनों एक दूजे के साथ रहना चाहते हैं और किसी भी कीमत पर आपको जुदाई बर्दाश्त नहीं, तो यह इशारा है सच्चे प्यार का। आपके दिल को जो भा जाए, जरूरी नहीं कि वो देखने में हूर की तरह हो, कहते हैं लैला का रंग बेहद काला था, लेकिन कैस को वो ऐसी भायी कि वो गलियों में मजनूं बनकर घूमने लगा। अगर, आपके दिल में भी यह आकर्षण महीनों बना रहता है, तो जनाब आपको सच्चे वाला प्यार हो गया है।

ये गिफ्ट करें इस वैलंटाइंस डे पर दिन बनेगा स्पेशल

इस वैलंटाइंस डे पर अगर आप यह सोचकर कन्फ्यूज हैं कि अपने वैलंटाइन को क्या गिफ्ट देंगे तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम आपके साथ कुछ वैलंटाइंस गिफ्ट आइडिया शेयर कर रहे हैं। उम्मीद है कि इन्हें पाकर आपका वह स्पेशल फ्रेंड खुद को और भी स्पेशल समझने लगेगा।

गर्लफ्रेंड के लिए यह खरीदें

स्टाइलिश पर्स और बैग - लड़कियों के पास चाहें कितने ही हैंडबैग या पर्स क्यों न हों लेकिन उसके बाद भी उन्हें एक अदद पर्स की कमी हमेशा खलती रहती है। इसलिए इस वैलंटाइंस डे पर उनके लिए एक खूबसूरत, कलरफुल और फैशनेबल पर्स सरप्राइज गिफ्ट कीजिए। यकीन कीजिए आपका दिन बन जाएगा।

नई ड्रेस - आजकल हर शहर में डिजाइन कपड़े मिलने लगे हैं। आप भी चाहें तो उनके लिए टी-शर्ट, कुर्ती, सूट, जींस कुछ भी खरीद कर गिफ्ट कर सकते हैं। इस गिफ्ट से उनका मूड खिल जाएगा।

जूलरी - इसमें कोई शक नहीं है कि लड़कियों को गिफ्ट के तौर पर जूलरी कभी भी किसी भी समय पर दी जाए, उन्हें हमेशा भाती है। हम वैलंटाइंस डे पर आपको कोई भारी-भरकम हार खरीदने को नहीं कह रहे एक नाजुक सी, प्यारी सी चेन या खूबसूरत सी अंगूठी भी काफी है।

स्किनकेयर प्रॉडक्ट - अगर आपको उनकी नरम, मुलायम त्वचा बहुत भाती है और आप चाहते हैं कि वह ऐसी ही बनी रहे तो इस वैलंटाइंस डे पर उन्हें कोई अच्छा सा स्किनकेयर प्रॉडक्ट गिफ्ट कर सकते हैं। बहुत आसानी से आपको सही कीमत में ऐसी चीजें मिल जाएंगी। पर सावधानी यह बरतनी है कि ये प्रॉडक्ट किसी अच्छी कंपनी के हों वरना नुकसान कर सकते है।

बॉयफ्रेंड को यह सब भाएगा

वॉच - लड़कों को घड़ियां काफी पसंद होती हैं। आप इस वैलंटाइंस डे पर उनके लिए अच्छी सी घड़ी खरीदकर गिफ्ट कर सकती हैं।

टाई - उनके फेवरिट सूट या शर्ट से मैच करती हुई टाई गिफ्ट कीजिए उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

चश्मा - लड़के अपने ऊपर बहुत खर्चा नहीं करते। इस वैलंटाइंस डे पर मौका है उनके लिए वही ब्रैंडेड चश्मा खरीद दीजिए जिसे देखकर अकसर वह आहें भरते रहते हैं।

वैलेंटाइन डे के दिन अपनाएं ये खास ब्यूटी टिप्स

हर लड़की चाहती है कि वैलेंटाइन डे के दिन वह सबसे सुंदर नजर आए ताकि पार्टनर की नजरे बस उसी पर टिकी रहे। इसके लिए बेस्ट आउटफिट से लेकर ज्वेलरी तक तो आपने सिलेक्ट कर ली, लेकिन स्किन और बालों का क्या। यदि चेहरे और बालों में चमक न हो तो आउटफिट और ज्वेलरी की चमक भी फीकी पड़ जाएगी। वैलेंटाइन के दिन परियों सी सुंदर नजर आने के लिए अपनाए ये खास उपाय।

- करीब एक हफ्ते पहले से ही त्वचा की देखभाल पर खास ध्यान दें। स्किन की डीप क्लिंजिग जरूरी है। नियमित रूप से क्लिंजिंग के साथ ही डेड स्किन हटाने के लिए स्क्रब भी करें।
- आप चाहें तो किचन में मौजूद चीजों से ही नेचुरल स्क्रब तैयार कर सकती हैं। जैसे- हल्दी में नींबू का रस मिलाकर चेहरे का मसाज करें स्किन ग्लो करने लगेगी। संतरे के छिलके के पाउडर में दही मिलाकर चेहरे का मसाज करने से भी डेड स्किन हट जाती है और त्वचा में निखार आता है।
- स्क्रब करने के बाद अच्छा सा फेसमास्क लगाना जरूरी है। कोई महंगा फेसपैक खरीदने से अच्छा है कि आप घर में मौजूद चीजों से ही कुदरती फेसपैक तैयार कर लें। जैसे- केले को मैश करके उसमें थोड़ा सा दूध मिलाएं और चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर पानी से चेहरा धो लें। यदि चेहरे पर दाग-धब्बे हो तो टमाटर और खीरे का पेस्ट लगाएं। 15 मिनट बाद चेहेर धो लें।
- चावल के आटे में दही मिलाकर लगाने से भी चेहरे पर निखार आता है। इस पेस्ट को लगाकर 15 मिनट बाद धो लें।
- इसके अलावा चेहरे का ग्लो बनाए रखने के लिए रात में सोने से पहले टोनर का इस्तेमाल करें। गुलाब जल भी लगा सकती हैं। वैसे नींबू का रस भी टोनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- याद रखिए हर बार फेसवॉश के बाद स्किन को मॉइश्चराइज करना भी जरूरी है।
- स्किन के साथ ही बालों की शाइन बनी रहें इसके लिए उसकी सही देखभाल जरूरी है। बालों में एलोवीरा लगाना से बाल स्मूद और शाइनी बनते है वैसे एलोवीरा चेहरे पर लगाना भी अच्छा होता है।
- चाहें तो वैलेंटाइन से 2-3 दिन पहले हेयर स्पा करा लें, इससे बालों की खोई हुई चमक वापस आ जाएगी।
- धूप और प्रदूषण से हुए नुकसान की भरपाई के लिए बालों में नियमित रूप से तेल लगाने के साथ ही कंडिशनर और सीरम का भी इस्तेमाल करें।

वैलेंटाइन डे पर रहेंगी सिंगल तो होंगे ये फायदे

वैलेंटाइंस डे के मौके पर जहां कई लोगों की प्यार की खोज पूरी हो जाती है तो वहीं कुछ सिंगल भी रह जाते हैं। हालांकि अगर इस वैलेंटाइंस डे भी अगर आप सिंगल रह जाती हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं है। वह इसलिए क्योंकि सिंगल रहने से आपको कई फायदे होने वाले हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में :

सबसे पहला फायदा तो यही है कि आपको एक पर्फेक्ट डेट प्लान करने के लिए मशक्कत नहीं करनी होगी और न ही टेंशन लेनी होगी। आप अपनी मर्जी से अपने लिए एक रोमांटिक डेट प्लान कर सकती हैं और खुद को जो गिफ्ट करना चाहती हैं खरीद सकती हैं। इससे भी अच्छी बात यह है कि आप जैसे चाहे तैयार होकर घूमने जा सकती हैं और यह टेंशन लेने की जरूरत ही नहीं कि आपके पार्टनर को वह पसंद आएगा या नहीं।

उम्मीद नहीं तो कोई टेंशन भी नहीं

जब हम किसी रिश्ते में होते हैं तो हम पार्टनर से किसी न किसी चीज को लेकर एक्सपेक्शनंस रखने लगते हैं। मसलन, वह मुझे कहां घुमाने ले जाएगा? क्या गिफ्ट देगा? आदि, लेकिन आप सिंगल हैं तो इन सब चीजों का झंझट ही नहीं होगा। न पार्टनर होगा, न उम्मीदें और न ही किसी तरह की परेशानी।

खुद पर करो जमकर पैसा खर्च

सिंगल रहने की सबसे खास बात यह है कि आपको किसी और पर अपना पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा और उसपर सिर्फ आपका ही हक होगा। यानी आप जैसे चाहे और जब चाहे कितने भी पैसे अपने ऊपर खर्च कर सकती हैं।

सिंगल रहोगी तो कुछ भी करोगी

सिंगल रहने का एक फायदा यह भी होगा कि आप जैसे चाहे वैसे वैलेंटाइंस डे मना सकती हैं। आप सैलून जा सकती हैं। मूवी जा सकती हैं। बुक पढ़ सकती हैं। पूरे दिन आराम कर सकती हैं या फिर दोस्तों संग मस्ती कर सकती हैं।

कम बजट में ऐसे सेलिब्रेट करें वेलेंटाइन डे

वेलेंटाइन डे हर व्यक्ति के लिए अपना प्यार जताने का सबसे बेहतर दिन होता है। इस दिन अगर कोई व्यक्ति किसी से अपने प्यार का इजहार तो अक्सर जवाब में हां सुनने की उम्मीद होती है। इसके अलावा जो लोग कमिटिड होते हैं उनमें भी इस दिन को खास तरह से मनाने का क्रेज होता है। लेकिन अगर आप अपने बजट यानि कि पैसों की तंगी को लेकर परेशान हैं और कोई प्लॉन नहीं कर पा रहे हैं तो परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं जिनसे आप कम बजट में वेलेंटाइन डे का पूरा मजा ले सकते हैं।

ऑफिस से छुट्टी ले लें

अगर आप शादीशुदा हैं तो अपने पार्टनर को छुट्टी का सप्राइज दें। यकीन मानिए आपकी छुट्टी की बात सुनकर आपका पार्टनर झूम जाएगा जैसे आपने उसे डायमंड गिफ्ट किया हो। घर में म्यूजिक बजाएं और अपने घर को एक अलग प्रकार की थीम के साथ सजाइए। अगर आप रिलेशनशिप में हैं तो किसी रेस्त्रां की टेबल को भी आप सजा सकते हैं।

कुछ स्पेशल बनाएं

क्यों न कुछ नया सीखा जाए। चाहे वो डांस हो या फिर कुकिंग या फिर कुछ भी नया। कुछ ऐसा जो आपने पहले कभी न ट्राई किया हो। आपको इसमें काफी आनंद आएगा साथ ही आपको कुछ नया सीखने को भी मिलेगा।

अपने प्यार का इजहार करें

आपने आखिरी बार कब उसका हाथ थामकर 'आई लव यू' कहा था। आप चाहें तो एक प्यारा सा तोहफा लेकर उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, आंखों में आंखें डालकर अपने दिल की बात कह दीजिए। कह दीजिए कि आपकी जिंदगी में उनकी क्या कीमत है। कह दीजिए कि आप अधूरे हैं उनके बिना। और आप शुक्रगुजार हैं कि वो आपकी जिंदगी का हिस्सा बनीं।

कैंडल नाइट डिनर है सबसे खास

वेलेंटाइन डे की बात आते ही अधिकतर लोग कैंडल लाइट डिनर के ख्यालों में खो जाते हैं। लेकिन, आप चाहें तो लंच भी प्लान कर सकते हैं। एक टोकरी में अपना पसंदीदा फूड डालिये साथ एक कैमरा लीजिए और निकल पड़िये पिकनिक पर।

भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की हैं असाधारण उपलब्धियां

प्रहलाद सबनानी

आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

दिनांक 31 जनवरी 2025 को देश की राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा एवं राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को अपने सम्बोधन में, हाल ही के समय में, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा है कि 'भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी (केंद्र) सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और, इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है।' आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।

आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ किसानों को पिछले कुछ महीनों में 41,000 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ नागरिकों के लिए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष' अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। आज मध्यम वर्ग को मकान/फ्लैट खरीदने के लिए लोन पर सब्सिडी भी दी जा रही है एवं रेरा जैसा कानून बनाकर मध्यम वर्ग के स्वयं के मकान सम्बंधी सपने को सुरक्षा दी गई है।

देश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुषमान भारत योजना चलाई जा रही है। अब इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया गया है। इन वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक वर्ष में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है सहकार से समृद्धि की भावना पर चलते

हुए सरकार ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

जब देश के विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिलने लगता है तभी विकास सार्थक होता है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिलने से उसमें जो सशक्तिकरण का भाव पैदा होता है, वो गरीबी से लड़ने में उसकी मदद करता है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ गैस कनेक्शन, 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने नियो मिडिल क्लास का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जो भारत की ग्रोथ को नई ऊर्जा से भर रहा है।

उड़ान योजना ने लगभग डेढ़ करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया है। जन औषधि केंद्र में 80 प्रतिशत रियायती दरों पर मिल रही दवाओं से, देशवासियों के 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का बहुत लाभ मध्यम वर्ग को मिला है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश में अब 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनमें पिछले छह माह में ही 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन को जोड़ा गया है।

आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास में देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति के योगदान को बढ़ाना ही होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की दस करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। केंद्र सरकार ने देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने लक्ष्य निर्धारित किया है। आज एक करोड़ 15 लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी, बीते 6 महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। भारत में सभी के लिए बीमा की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से देश का पशुधन मजबूत हो रहा है। आज भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। आज बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में भी प्रारंभ हो गई है। नेशनल डिफेंस अकैडमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है।

पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। युवाओं के बेहतर कौशल और नए अवसरों के सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपए का पैकेज केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था से युवाओं को ग्राउंड पर काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। आज भारत में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जो इनोवेशन के स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए की लागत से स्पेस सेक्टर में वेंचर कैपिटल फंड की शुरूआत भी की गई है। आज भारत क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल इंडेक्स 2025 में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्थात, फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में अंक और डिजिटल तकनीक अपनाने में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 76 से सुधर कर 39 हो गई है। यह सब भारतीय युवाओं के भरोसे ही सम्भव हो पा रहा है।

देश में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिये जा रहे हैं। विभिन्न भर्ती परीक्षाएं तेरह भारतीय भाषाओं में आयोजित कर, भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया गया है। बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए दस हजार से अधिक स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब्स खोली गई हैं। 'ईज ऑफ डूइंग रिसर्च' के लिए हाल ही में वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन स्कीम लायी गई है। इससे अंतरराष्ट्रीय शोध की सामग्री निशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। पिछले एक दशक में भारत में उच्च शिक्षण संस्थाओं की संख्या बढ़ी है। इनकी गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार हुआ है। क्यूएस विश्व यूनिवर्सिटी - एशिया रैंकिंग में भारत के 163 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के नये कैंपस का शुभारंभ कर शिक्षा में, भारत का पुराना गौरव वापस लाया गया है।

विकसित भारत के निर्माण में किसान, जवान और विज्ञान के साथ ही अनुसंधान का बहुत बड़ा महत्व है। भारत को भारत को ग्लोबल इनोवेशन पावरहाउस बनाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देश के शिक्षण संस्थाओं में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पचास हजार करोड़ रुपए की लागत से अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउन्डेशन स्थापित किया गया है। 10,000 करोड़ रुपए की लागत से 'विज्ञानधारा योजना' के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत के योगदान को आगे बढ़ाते हुए 'इंडिया ए आई मिशन' प्रारम्भ किया गया है। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन से भारत, इस फ्रंटियर टेक्नॉलाजी में दुनिया के अग्रणी देशों की पंक्ति में स्थान बना सकेगा। देश में 'बायो - मैन्यूफैक्चरिंग' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से BioE3 Policy लायी गई है। यह पॉलिसी भविष्य की औद्योगिक क्रांति का सूत्रधार होगी। बायो इकॉनामी का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोग करना है जिससे पर्यावरण को संरक्षित करते हुए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

भारत के छोटे व्यापारी गांव से लेकर शहरों तक, हर जगह आर्थिक प्रगति को गति देते हैं। केंद्र सरकार छोटे उद्यमियों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर दे रही है। टरटए के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम और ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब्स सभी प्रकार के उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। मुद्रा ऋण की सीमा को दस लाख रुपए से बढ़ाकर बीस लाख रुपए करने का लाभ करोड़ों छोटे उद्यमियों को हुआ है। केंद्र सरकार ने क्रेडिट एक्सेस को आसान बनाया है। इससे वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाया जा सका है। आज लोन, क्रेडिट कार्ड, बीमा जैसे प्रोडक्ट, सबके लिए आसानी से सुलभ हो रहे हैं। दशकों तक भारत के रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले भाई-बहन बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रहे। आज उन्हें पीएम स्वनिधि योजना का लाभ मिल रहा है। डिजिटल ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड के आधार पर उनको बिजनेस बढ़ाने के लिए और लोन मिलता है। ओएनडीसी की व्यवस्था ने डिजिटल कॉमर्स यानी ऑनलाइन शॉपिंग की व्यवस्था को समावेशी बनाया है। आज देश में छोटे बिजनेस को भी आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है।

संपादकीय

एआई और भविष्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर हुए सम्मेलन में दुनिया को एआई से सावधान रहने की नसीहत देते हुए इसके इस्तेमाल के संदर्भ में वैश्विक तंत्र बनाने की बात की। उन्होंने जोर देकर कहा कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। लेकिन मूल प्रश्न है कि क्या सचमुच कृत्रिम प्रतिभा या बुद्धिमत्ता पर नियंत्रण के सर्वमान्य और पूर्णतः लागू होने योग्य नियंत्रणकारी प्रावधान खोजे जा सकते हैं। दुनिया का अब तक का अनुभव है कि जो भी उन्नत तकनीक वाले अन्वेषण हुए हैं, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित, वे सब धनी देशों, व्यक्तियों और समुचित धन का प्रवाह रखने वाले समूहों के हाथों में केंद्रित हुए हैं। इन सभी प्रयासों ने दुनिया के हर व्यक्ति पर तकनीक सक्षम होने का दबाव बढ़ाया है और स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि जिनके पास प्रतिभा है, वही तकनीक सक्षम हो पाते हैं और दुनिया में ऐसे लोगों की संख्या कम है। कहने का तात्पर्य है कि प्रौद्योगिकी से उत्पन्न शक्ति और संपदा चुनिंदा समूहों तक सीमित रहने के लिए अभिशप्त है। दुनिया के जो देश, समूह या व्यक्ति इस प्रौद्योगिकी की क्षमता को प्राप्त करने में असफल रहे, जाहिर है कि वे वंचित रहने के लिए विवश हैं। एआई के संदर्भ में कहा जाए तो यह दुनिया के गरीबी और अमीरी के भेद को एक नया रूप प्रदान करेगी। करोड़ों लोग अपनी अक्षमता के कारण अनेक प्रकार के आर्थिक संकटों से घिरेंगे जिनसे उबरने का उनके पास कोईमार्ग नहीं होगा। दूसरे, दुनिया में हर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल उन लोगों ने अधिक कुशलता, चतुराई या धूर्तता से किया है, जो अराजक हैं, हितपोषक हैं, और जिनका मानव कल्याण से दूर-दूर तक संबंध नहीं है। आतंकवादियों से लेकर ड़ीपस्टेट तक ने उन्नत प्रौद्योगिकी का खुल कर प्रयोग किया है जिस पर लगाम नहीं लगायी जा सकी है। भारत जैसा देश भी साइबर अपराधों की गिरफ्त में है। ऐसे में एआईक्या गुल खिलाएगी इसकी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। यह तो स्थापित है कि भविष्य की दुनिया एआई के सहारे आगे बढ़रूनी है, लेकिन विचारणीय प्रश्न यह है कि एआई का मानव हित में कितना इस्तेमाल किया जा सकेगा? इस प्रश्न का उत्तर ही मनुष्य जाति के भविष्य को तय करेगा।

चिंतन-मनन

भगवान की नज़र में हर इनसान बराबर है

इतिहास के पन्नों को उलट करके देखेंगे तो पाएंगे कि आज जितना ऊंच-नीच एवं अमीर-गरीब का भेद-भाव है वह वैदिक काल के आरंभ में नहीं था। उस समय सामाजिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए कर्म के अनुसार वर्ग विभेद किया गया। लेकिन बाद में व्यवस्थाओं में जटिलता आती गयी और भेद-भाव बढ़ता गया। लेकिन यह भेद-भाव ऊपरी स्तर पर है। मूल में कहीं भेद-भाव नहीं है। मूल ईश्वर है और ऊपरी दुनिया वह है जहां हम मनुष्य और जीव-जन्तु विचरण करते हैं।

भगवान की नजर में सभी एक समान हैं। ईश्वर की दृष्टि में न तो जात-पात है और न लिंग भेद। श्री रामानंदाचार्य ने कहा है जात-पात पूछे न कोई। हरि को भजे सो हरि का होई।। भगवान कभी किसी के साथ किसी आधार पर भेद-भाव नहीं करते हैं। केवट ने भगवान से प्रेम किया तो भगवान बिना किसी भेद-भाव के केवट की नैया में बैठे और केवट की जीवन नैया को पार लगा दिया। श्री राम के चरण रज को पीकर केवट परम पद पाने में सफल हुआ। भगवान की दृष्टि में सभी बराबर हैं इसका उदाहरण भक्त सबरी के जीवन की एक घटना है। सबरी भील जाति की एक महिला थी। राम की भक्ति इनके मन में ऐसी बसी की राम में ही खुद को अर्पित कर दिया। एक बार सबरी मार्ग में झाड़ू लगा रही थी उस समय साधुओं का एक समूह मार्ग से गुजरा। अनजाने में सबरी का स्पर्श साधुओं से हो गया।...

वैलेंटाइन डे व बिगड़ते रिश्ते जिम्मेदारी किसकी

आज कल अगसर देखने को मिल रहा स्त्री और पुरुष में रिश्ते बनने के बजाय बिगड़ रहे है हाल ही में इसके कई उदाहरण भी सामने आए हैं जैसे 9 दिसंबर की रात को 34 वर्षीय भारतीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। उसके शव के पास एक तख्ती लगी थी जिस पर लिखा था न्याय मिलना चाहिए। अतुल सुभाष ने 24 पन्नों का विस्तृत सुसाइड नोट और 81 मिनट का एक वीडियो छोड़ा जिसमें उन्होंने अपनी शादी और तलाक की कार्यवाही में आई परेशानियों को जिम्मेदार ठहराया। उनके जीवन के बारे में परेशान करने वाले विवरण वाले पत्र और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए और लोगों में आक्रोश फैल गया। दक्षिणी शहर बेंगलुरु के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया, उसकी मां और भाई पर लगातार उत्पीड़न और यातना देने का आरोप लगाया इसमें गलती किसकी है ऐ तो न्यायालय में होगा लेकिन जो दुनिया से चला गया वो बापस तो नहीं आएगा ऐ पत्नी को समझना चाहिए उसे कैसे ढाले मेरा हर एक लेख आपसी झगड़े के लिए नहीं बल्कि आपको सही सलाह देने के लिए होता है आखिर ऐ हो क्यों रहा है इसकी सबसे बड़ी आज का संगत, जैसी संगत वैसी रंगत भगवान राम के मंदिर या महाकुम्भ जाने से ऐ समस्या दूर नहीं होगी हमें हमेशा एक दूसरे की सहायता करने की जरुरत है आप कभी भी निराश होकर आप आत्महत्या का कदम मत उठाना नहीं तो ऐ शरीर जो परमात्मा का दिया है वैसे ही खो बैठोगे पाने के लिए बहुत कुछ खोना पड़ता है त्याग और संघर्ष में ही आप कुछ बनकर निकलते हो कभी अपना दुःख दूसरे को नहीं सुनाये काम पर ध्यान दें क्योंकि आज खुद ही आदमी इतना दुःखी है कि दूसरों का दुःख से कोई मतलब नहीं है नहीं यकीन है तो दिल्ली के चुनाव परिणाम को देख कर ही अनुमान लगा लें सभी जेल गए बेल बहुत मुश्किल से मिला और सोचा कि जनता भावुक हो जाएगी और उस समय कांग्रेस का संगत भारी पड़ा औ? उधर बीजेपी पर्दे के कोने से काम करती रही और शायद इसलिए जनता ने चुना, इसकी सबसे बड़ी बजह रही कमिटमेंट जो कांग्रेस का विरोध करती थी उसी के साथ गठबंधन बनाना भारी पड़ा और हार का सामना करना पड़ा यही हाल रहा तो पंजाब भी अगले चुनाव में हार सकती है क्योंकि लोकसभा चुनाव में आमआदमी का प्रदर्शन काफी खराब रहा केजरीवाल जी को जब कुर्सी पर बैठ कर काम पर ध्यान देना चाहिए वहीँ उन्होंने आतिशी को बैठा देने से उनके साथ पार्टी के लोगों में असंतोष हुआ होगा क्योंकि उसमें औ? भी कितने दावेदार होंगे जो अंदरूनी कलह की वजह से पार्टी में टूट हुआ और नतीजा आपके सामने आया जब भी अपने घर के अंदर असंतोष होता है तो आपका ही परिवार बिखड़ जाता है नुकसान दूसरों का नहीं आपका होता है वैसे ही परिवार में रिश्ता होता है जिसमें बाहरी सफाई से ज्यादा जरुरी है अंदर की सफाई और ऐ समझदारी और शांति से विवेक से होगा इस हेतु आप रामचरित्र मानस को पढ़े और किसी दूसरे के बहकावे में ना आए अपने विवेक से आगे बढ़ यदि दो कदम पाने के लिए 4कदम पीछे हटना पड़े तो रिश्ते में हट जाइए और अंदर के अहंकार को खत्म कर शांति से काम ले लड़ाई झगड़ा से समस्या और बढ़ती है अतः इससे दूर होकर मौन हो जाये दूसरे के बहकावे में कभी ना आएं ऐ आपका घर बर्बाद कर आपकी जिंदगी से खुशी जो आप सही समझ रहें है वो नश्वर है ईश्वर सत्य है औ? किसी जाति धर्म से नहीं बंधा है,

छीन लेगा शांति और समझदारी से रिश्ते मजबूत होते हैं,इसपर आधारित एक फिल्म डेमोन्स देखा जिसमें पति पत्नी में इंज्याटी को लेकर पत्नि परेशान रहती थी और पति हमेशा किसी शोक में डूबा रहता और इन सबसे उसके शारीरिक सम्बन्ध 2साल से बिगड़ गए पति के इंज्याटी के वजह से नपुंसकता बढ़ी और पत्नी धीरे धीरे अलग होने लगी और इससे घबराया पति और भी डिप्रेशन में चला गया और उधर स्त्री का ऑफिस में किसी औ? के साथ सम्बन्ध बन गया और उसने खुल कर पति को बताया बाद में उसके पति ने उस लड़के को बुलाया और शारीरिक सम्बन्ध बनाने को कहा पत्नी वहाँ अपना आपको समझ नहीं पाई और आपाक या सीमा से पड़े जाकर रिश्ते का मजा दिखा दिया जिससे पति अंदर से औ? भी क्रोधित हो गया इस समस्या का हल निकालने हेतु उसने अपने पति को एक कॉल गर्ल को बुला लिया जिससे उसके पति बात कर खूब खुश हुआ औ? जैसे उसने सम्बन्ध बनाना चाहा पत्नी को नगावार गुजरी और उसने उसे मना कर दिया इससे पति औ? भी क्रोधित हो गया क्योंकि उसके अंदर उसके प्रति बदले की ज्वाला भूट रही थी लेकिन पत्नी ने उससे माफी और रिश्ते को सुधारने की बात की लेकिन जैसे ही बिस्तर पर दोनों लेटने ही वाले थे पति का गुस्सा इतना फूटा की उसने सामने बाल्टी से सर कुचल दिया और जेल चला गया आप हमेशा ध्यान रखें पति पत्नि का रिश्ता सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि एक दूसरे की भावना को समझने के लिए जिम्मेदारी और बच्चे को संस्कारी बनाने के लिए होता है मैं बहुत पहले एक पति पत्नी का सच्चा प्यार देखा है जब वो आँख से अंधा हो जाता है तो ऑफिस छोड़ने औ? लेने जरूर आती अतः पति पत्नी को कभी एक दूसरे के प्रति बैर नहीं रखना चाहिए और भावना का कद्र करना चाहिए यही तो सनातन धर्म में लिखा है भगवान श्री राम को ही बनवास मिला लेकिन वो माता सीता ही थे की उनके साथ जीवन जीने के लिए वन में भी चली गई धन्य है माता सीता औ? भाई लखन चाहती तो अयोध्या में राज कर सकती थी लेकिन अपने प्रभु राम पर पूर्ण विश्वास था एक दिल से प्रेम होता है जो सामने दीखता नहीं लेकिन कुछ भावनाओं में दुःख के समय मालूम पड़ता है और यही बच्चे सीखते है जैसे श्रवण कुमार ने एक तरफ माता को रखा औ? दूसरी तरफ पिता को लेकर चल पड़े चार धाम की यात्रा पर, पंडित श्री राम शर्मा आचार्य एक पुस्तक में लिखते हैं कि नर नारी के अनुठे सम्बन्ध शिशु को जन्म देने के लिए होता है बाद में बच्चे को संस्कारवान बनाएं और अच्छी शिक्षा दें अतः पति पत्नी का सम्बन्ध सिर्फ शारीरिक सुख के लिए नहीं बल्कि अपने सभी परिवार को साथ लेकर चलना भी आवश्यक है इसमें हो सकता है कुछ त्याग भी करना पड़े तो आगे आना चाहिए सब को साथ लेकर चलना ही अच्छी पत्नी का संस्कार है प्रेमी-प्रेमिका, आप जहां भी हों, अपना ख्याल रखें, क्योंकि वैलेंटाइन डे जल्द ही आने वाला है। **- संजय गोस्वामी**

चिंता का सबब : राजौरी में कहीं 'इताई-इताई' तो नहीं

पंकज चतुर्वेदी

दो हफ्ते से अपने घर से दूर रह रहे बड्डाल गांव के लोग अब हताश हो कर प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं। पनीर की तरह दुग्ध उत्पाद 'कलाड़ी' के लिए मशहूर राजौरी जिले का छोटा सा गांव बड्डाल बीते दो महीने में 17 संदिग्ध मौतों के कारण कोविड के दिनों की तरह आइसोलेट कर दिया गया। मौत का असल कारण पता नहीं चल सका है। गांव के जिन सोलह मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा था, वे अब स्वस्थ हैं।

पाकिस्तान की सीमा से सटे गांव में संदिग्ध मौतों ने कई आशंकाएं खड़ी की हैं। हालांकि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जनवरी के दूसरे हफ्ते में ही कह दिया था कि मरने वालों के शरीर में कैडमियम की भारी मात्रा पाई गई और मौत का कारण यही है। 24 जनवरी को पीजीआई, चंडीगढ़ की रिपोर्ट से पता चला कि बीमार लोगों के शरीर में बहुत सी भारी धातु पाई गई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ये भारी धातुएं जहर जैसा काम करती हैं। बहरहाल, मरीजों के नमूनों को केंद्रीय एफएसएल, डीआरडीओ ग्वालियर व अन्य प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं को भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट मिलने पर बीमारी का असली कारण पता चल सकेगा। मरने वालों में अधिकांश बच्चे हैं। इन सभी को अचानक तेज बुखार, सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके बाद वे नीम बेहोशी में चले गए। यह बात तो तय हो गई है कि मरने वालों और मरीजों के शरीर में किसी किस्म का जहर नहीं पाया गया है। डॉ. सिंह ने लखनऊ की सरकारी प्रयोगशाला में अध्ययन के हवाले से कैडमियम की बात कही है। बड्डाल गांव हिमालय की पीर पंजाल श्रृंखला की गोद में बसा है और यहां से कई जल धाराएं बहती हैं। चिनाब की सहायक नदी आन्सी बड्डाल से होकर गुजरती है। संभावना है कि पानी के माध्यम से भारी धातु इंसान के शरीर में पहुंची। विदित हो कि बड्डाल और उसके आसपास चंदन, सुख, नील, हानडु सहित कई 'सर' अर्थात तालाब भी हैं। यहां की बड़ी आबादी पानी के लिए झरनों या इन्हीं नैसर्गिक सरिताओं पर निर्भर है। चूंकि इस इलाके में कोयलाङ्क चूना, बाक्साइट, लौह अयस्क और बेन्टोनाइट जैसे अयस्क मिलते हैं, और अवैध खनन बड़ी समस्या रहा है। ऐसे में खनन अवशेषों के जल धाराओं में मिलने से उसमें भारी धातु की मात्रा बढ़ने की संभावना है।

